कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 367, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 02 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मिडिल क्लास को मोदी सरकार की सौगात

7 लाख तक की आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं

नई दिल्लीः केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में मोदी सरकार 2.0 का आखिरी पूर्ण बजट पेश किया। इस बजट के माध्यम से सरकार ने सभी तबकों को साधने की कोशिश की। इस दौरान सरकार ने मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को आयकर मोर्चे पर राहत तो लघु बचत योजनाओं के तहत निवेश सीमा बढ़ाकर बुजुर्गों और नई बचत योजना के जरिये महिलाओं को सौगात दी। इसके साथ ही सरकार ने बुनियादी ढांचे पर खर्च में 33 फीसदी की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया।

करदाताओं को सरकार की बड़ी सौगातः नई कर व्यवस्था के तहत एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति की आय सात लाख रुपये है, उसे कोई कर नहीं देना होगा। अब तक यह सीमा पांच लाख रुपये है। सरकार ने साथ ही कर 'स्लैब' को सात से घटाकर पांच किया गया है। साथ ही अधिकतम अधिभार की दर 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने के बाद कर की दर 42.7 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह जाएगी।

बचत योजना की सीमा हुई दोगुनीः वित्त मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को भी राहत दी। इसके तहत वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत जमा सीमा 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी गयी है। वहीं मासिक आय योजना के तहत जमा सीमा बढ़ाकर नौ लाख रुपये की गयी है। वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिये अलग से नई बचत योजना 'महिला सम्मान बचत पत्र' की घोषणा की। इसमें दो वर्ष के लिये दो लाख रुपये तक की बचत पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

सीमा शुल्क में कटौती की घोषणाः निर्मला सीतारमण ने अपना पांचवां पूर्ण बजट ऐसे समय पेश किया जब वैश्विक चुनौतियों के कारण अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ रही है और सामाजिक क्षेत्रों पर खर्च बढ़ाने के साथ स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को प्रोत्साहन बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने मोबाइल फोन कल-पुर्जों तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये लीथियम बैटरी और अन्य ऐसे सामान के लिये सीमा शुल्क में कटौती की भी घोषणा की। यह अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का अंतिम पूर्ण बजट है। अगले साल फरवरी में अंतरिम बजट यानी लेखानुदान पेश किया जाएगा।

चमकता सितारा है भारतीय अर्थव्यवस्था

बजट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिये पूंजीगत व्यय लगातार तीसरी बार उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया गया है। इसे 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया गया है जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 प्रतिशत बैठता है। यह वित्त वर्ष 2019-20 के मुकाबले तीन गुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से सड़कों और ऊर्जा सहित पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि की है। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि इस बजट में पिछले बजट में रखी गई नींव पर सतत निर्माण करते हुए 'भारत @100' के लिये खींची गई रेखा पर आगे बढ़ते रहने की उम्मीद की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'चमकता सितारा' है। चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान है जो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है।

आम चुनाव से पहले सरकार की महिलाओं, बुजुर्गों, करदाताओं को बड़ी सौगात

15.43 लाख करोड़ रुपये लेना पड़ेगा कर्ज

सीतारमण ने कहा कि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक नरमी के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर है। बजट में कुल व्यय 7.4 प्रतिशत बढ़कर 45 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा गया है।

रक्षा बजटः आवंटन में अभूतपूर्व बढ़ोतरी

नई दिल्ली। बजट 2023-24 में रक्षा क्षेत्र को 5.94 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। पिछले साल के मुकाबले 13 प्रतिशत की वृद्धि है। सशस्त्र बलों के परिचालन के लिए आवंटन में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी की गई है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए रक्षा सेवाओं की परिचालन तैयारी, गैर-वेतन राजस्व व परिचालन आवंटन को 27,570 करोड़ रुपये का बढ़ावा मिला है। रक्षा पेंशन के लिए 1.38 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित पूंजी परिव्यय बढ़कर 1.62 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 2019-20 से 57 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेष रूप से उत्तरी सीमाओं में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) का पूंजीगत बजट 43 प्रतिशत बढ़ाकर 5,000 करोड़ रुपये किया गया है। सशस्त्र बलों की क्षमता निर्माण के साथ-साथ भारत के आत्मानिर्भरता के मिशन को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया गया है। नवाचार को और बढ़ावा देने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सलेंस को 116 करोड़ रुपये मिले हैं। यानी 2022-23 में 93 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के आवंटन को 9 प्रतिशत बढ़ाकर 23,264 करोड़ रुपये किया गया है। अग्निवीर कोष को ईईई (छूट-छूट-छूट) का दर्जा प्रदान किया गया है।

रक्षा मंत्र राजनाथ सिंह ने केंद्रीय बजट 2023-24 को विकासोन्मुखी बताया है। उन्होंने कहा कि यह कुछ वर्षों के भीतर भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।

कुछ और बड़े ऐलान

रेलवेः 2.40 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। 2014 के मुकाबले ये रेल बजट 9 गुना ज्यादा है।

सीनियर सिटीजन्सः सेविंग्स अकाउंट में रखी जाने वाली रकम की लिमिट 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 9 लाख रुपए की जाएगी।

महिलाः सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगी। इसमें महिलाओं को 2 लाख रुपए की बचत पर सालाना 7.5% ब्याज मिलेगा।

इन्फ्रास्ट्रक्चरः पीएम आवास योजना के बजट में 66% बढ़ोतरी हुई है। सेक्टर अब 79 हजार करोड़ रुपए का हो गया है। 2014 से मौजूद 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। 50 नए एयरपोर्ट, हेलिपैड और वाटर एयरो ड्रोन सेंटर्स बनेंगे। सभी शहरों में सीवेज की सफाई मशीनों से की जाएगी।

5जी सर्विसः इस सर्विस पर चलने वाले ऐप डेवलप करने के लिए इंजीनियरिंग संस्थानों में 100 लैब बनाई जाएंगी। इन लैब्स के जरिए नए अवसर, बिजनेस मॉडल और रोजगार की संभावनाएं बनेंगी।

पर्यावरणः फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता कम करने के लिए ग्रीन हाईड्रोडन मिशन। एनर्जी ट्रांजीशन के लिए 35 हजार करोड़। एनवॉरोन्मेंट प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नया ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम।

डिजिटल इंडियाः बिजनेस और चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए डिजिलॉकर। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए बड़े संस्थानों में 3 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे।

सस्ताः

लिथियम आयन बैटरी बनाने में इस्तेमाल सामान की इंपोर्ट ड्यूटी घटाई

टीवी पैनल के ओपन सेल के पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी 5% से घटाकर 2.5% की गई

मोबाइल फोन मैन्युफैक्च रिंग के लिए कुछ पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी घटाई।

हीट कॉइल पर कस्टम ड्यूटी 20% से घटाकर 15% कर दी गई है

लैब में बने हीरों की मैन्युफैक्च रिंग में इस्तेमाल सीड पर ड्यूटी कम की

एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए श्रिंप फीड पर कस्टम ड्यूटी कम करेगी।

महंगाः

सिगरेट पर राष्ट्रीय आपदा आपात ड्यूटी को 16% बढ़ाया

गोल्ड बार और प्लेटिनम से बने सामान की ड्यूटी बढ़ाई

चांदी की ड्यूटी 6% से 10% की। उससे बने सामान पर भी ड्यूटी बढ़ाई

कंपांउडेड रबर पर ड्यूटी को 10% से बढ़ाकर 25% किया

किचन इलेक्ट्रिक चिमनी पर कस्टम ड्यूटी 7.5% से बढ़ाकर 15% की गई

पहचान के बेसिक डॉक्युमेंट के लिए होगा पैन कार्ड का इस्तेमाल

नई दिल्ली। यूनियन बजट 2023 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ी घोषणा की है। बजट में राष्ट्रीय डाटा प्रशासन नीति के तहत आधार कार्ड और पैन की घोषणा की गई है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए, पैन का उपयोग एक बेसिक डाक्युमेंट के रूप में किया जाएगा। इससे केवाईसी के नियम आसान हो जाएंगे और कारोबार में सहूलियत होगी। अलग-अलग कार्य के लिए

अलग-अलग पहचान पत्र की मौजूदा कठिनाइयों पर सरकार की नजर गई है और बजट-2023 में कई ऐसे प्रस्ताव हैं जो आने वाले दिनों में आम जनता व कारोबार जगत को काफी सहूलियत देंगे।

खबर संक्षेप

जमीनी मामूली विवाद को लेकर दो अलग अलग गांवों में मार पीट मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मामूली बात को लेकर मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है।जमीनी विवाद को लेकर महिला और उसकी बेटी को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं निवासनीय ममता देवी पत्नी अजय कुमार पटेल का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसके विपक्षी लाठी डंडे लेकर उसको और उसकी पुत्री अंशिकी पटेल को मार पीट कर जख्मी कर दिए। तथा जान से मारने की धमकी भी दिए। ममता देवी ने मऊआइमा थाने में रंजीत कुमार ,अजीत कुमार ,पुष्पा देवी ,श्याम कुमारी ,सूरज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।उधर ग्राम रोझियात निवासनीय संतोषी देवी पत्नी संतोष कुमार का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे मारा पीटा गया। पुलिस ने अभिषेक ,रुपचन्द्र ,शिवम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान का नहीं थम रहा विवाद

महामंडलेश्वर और जगतगुरु ने सरकार से फांसी देने की अपील

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस को लेकर दिया गया बयान अब तेजी से तूल पकड़ता जा रहा है। प्रयागराज में साधु संतों और राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। जिसमें साधु संतों और राष्ट्रीय परशुराम सेना एवं वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी ने केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश योगी सरकार से कड़ी सजा की मांग की है । उन्होंने अपील की है की वर्तमान समय में राष्ट्र के अंदर हिन्दू विरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा हिंदू धर्म का अपमान किया जा रहा है। कभी रामचरितमानस तो कभी धमार्चार्य के खिलाफ बयान बाजी लगातार की जा रही है। महामंडलेश्वर स्वामी विष्णु दास महाराज का कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने ऐसा अपराध किया है कि जिसका अंजाम केवल फांसी या फिर उस व्यक्ति का कत्ल करना होना चाहिए। विष्णु दास जी महाराज का कहना है कि जिस तरीके से स्वामी

स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान नहीं है माफी के लायक, आगामी चुनाव में सपा को होगा भारी नुकसान

प्रसाद मौर्य और उनके समर्थकों ने रामचरितमानस के ऊपर आरोप लगाए हैं वह बेहद निंदनीय है । यह बयान माफी योग्य भी नहीं है ।हिंदू धर्म के खिलाफ जो भी गलत बोलेगा वह व्यक्ति माफी के योग्य भी नहीं है। उधर जगतगुरु रामानुजाचार्य योगेश्वर आचार्य जी महाराज का कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे व्यक्ति समाज के लिए एक पापी है वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसको बुद्धि शुद्धि यज्ञ भी नहीं किया जा सकता। उसका दिया हुआ बयान पाप की श्रेणी में आता है उधर राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्म वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि सरकार एक ऐसा कानून पारित करें जिसमें हिंदू धर्म या ग्रंथ के ऊपर जो भी गलत टिप्पणी करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये , साथ ही इस मामले मे सबको जेल भेजा जाए और इसके बाद फांसी की सजा दी जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी का कहना है कि हरियाणा, कर्नाटका समेत कई राज्यों में स्वामी प्रसाद मौर्य समेत अन्य लोग के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है और आगे पूरे देश में इनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई जाएगी। गौरतलब है कि जिस तरीके से रामचरितमानस समेत अन्य मुद्दों पर बयानबाजी जारी है उससे साधु संत समेत अन्य संगठन बयान के विरोध में उतर आए हैं प्रेस वार्ता में यह साफ तौर पर कहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिया गया बयान आने वाले चुनाव पर काफी प्रभाव डालेगा वह देश की जनता से अपील कर रहे हैं कि आने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी को सोच समझकर वोट दें।

मच्छर भगाने वाले अगर बत्ती से लगी आग से झुलसे मां-बेटे की मौत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अतरसुइया के दरियाबाद कटहरा इलाके में सोमवार देर रात आग से झुलसने वाली बुजुर्ग चांदकली ने भी बुधवार को दम तोड़ दिया। इसी घटना में बेटे विनोद की मंगलवार को मौत हो गई थी। मां बेटे एक ही कमरे में सो रहे थे। मच्छर मारने वाली अगरबत्ती से बिस्तर में आग लगने से यह हादसा हुआ था।दरियाबाद कटहरा इलाके का रहने वाला विनोद निषाद (32) ई रिक्शा चलाता था। विनोद की शादी हो चुकी है, लेकिन विवाद के बाद पत्नी बच्चे को लेकर मायके चली गई।विनोद के दो बड़े भाई नरेश और अशोक घर के ऊपरी हिस्सों में अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार की रात विनोद और उसकी मां चंद्रकली कमरे में सो रहे थे। देर रात अचानक आग लगी तो दोनों चीखने लगे, लेकिन तब तक आग ने भीषण रुख अख्तियार कर लिया था। दरवाजे और खिड़की में आग लगने के कारण दोनों फंस गए। घर वालों और मुहल्ले वालों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

पहले बेटे और फिर मां ने तोड़ा दम

गंभीर रूप से झुलसे विनोद और चंद्रकली को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को विनोद और बुधवार को चंद्रकली ने दम तोड़ दिया। अतरसुइया थाना प्रभारी वाईपी सिंह ने बताया कि घरवालों ने लिखकर दिया है कि विनोद अपने बिस्तर के बगल में मच्छर मारने वाली अगरबत्ती जलाकर सोता था। उसी से आग लगी थी। इस मामले में इत्तेफाकिया की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

1025 मरीजों का हुआ परीक्षण दी गई दवाएं

अखंड भारत संदेश

सहसों। स्वर्गीय सेठ शिवपूजन केसरवानी की पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में क्षेत्र से आए हुए 1025 मरीजों का हरि नेत्रालय के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ आर एन मिश्र की टीम द्वारा नेत्र परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गई। इसके अतिरिक्त चश्मा तथा 200 मोतियाबिंद के ऑपरेशन लिए मरीजों को चिन्हित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी मरीजों को आयोजक आशीष केसरवानी की तरफ से ठंड से राहत प्रदान करने के लिए कंबल प्रदान किया गया।

प्रियंका गांधी ने भेजा कुतुब ए इलाहाबाद हुजूर शेख मुहीबउल्लाह इलाहाबादी उर्फ दादा मियां का 376 उर्स मुबारक संदेश

प्रयागराज। अखिल भारती कांग्रेस की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने बहादुर गंज स्थित कुतुब ए इलाहाबाद हुजूर शैख मुहीबउल्लाह इलाहाबादी उर्फ दादा मियां का 376 उर्स मुबारक का संदेश भेजा है । दरगाह के सज्जादा नशीन - शाह मुकर्रबउल्लाह उर्फ अली मियां के नाम भेजे संदेश- पत्र में उन्होंने तीन दिनों तक चलने वाले पवित्र उर्स में शामिल होने देश-विदेश से आये जायरीनो को मुबारकबाद और सलामती की दुआ की । इस मुबारक मौके पर अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने भी लखनऊ कार्यालय से चादर भेजी और भाई-चारा बरकरार रखने का पैगाम दिया। प्रियंका का पत्र अल्पसंख्यक विभाग के शहर अध्यक्ष अरशद अली ने मुतवल्ली को सौंपा और उनका सन्देश पढ़ा। इस मुबारक मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासाचिव फुजेल हाशमी ने मजार शरीफ पर चादर चढ़ाई और मुल्क में अमन और शांति की दुआ मांगी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पार्षद परवेज अख्तर अंसारी, शहर उपाध्यक्ष परवेज सिद्धिकी, हाजी आफताब अहमद कुरैशी, महफूज अहमद, अनस हाशमी, तबरेज अहमद, मो हसीन, मो.अकमल, अरमान कुरैशी, मुख्तार अहमद , जाकिर हुसैन, जाहिद नेता, गुलाम वारिस, नफीस कुरैशी, मुस्तकीन कुरैशी सहित भारी संख्या में अकीदत मंद मौजूद थे।

मां शीतला के आंगन में सजी सितारों की महफिल

अखंड भारत संदेश

सिरसा। प्रयागराज मेजा क्षेत्र गांव कुँवरपट्टी के सोना भवन में चल रहे पांच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सव पर शाम को भोजपुरी खुमार छाया रहा। माँ शीतला का दरबार फूलों और झालरों से सजाया गया है। जगराता के लिए सजे मंच पर माँ शीतला के कृपा पात्र भोजपुरी गायक एवं कलाकार मनोज तिवारी ने देवी गीतों के जरिए माँ की स्तुति की है। चर्चित गायिका कल्पना पटवारी ने माँ के भजनों से भक्तों को झूमने के लिए विवश कर दिया। उन्होंने पंडाल में बैठी भीड़ की तालियां बटोरी। भोजपुरी स्टार सांसद दिनेश लाल निरहुआ ने माँ के प्रति आस्था और समर्पण दिखाते हुए कहा कि सोना भवन की माटी धन्य है। इस माटी को माथे पर लगाने और माँ शीतला की कृपा से मैं दुबारा सांसद बन कर आया हूँ। मनोज तिवारी मृदल ने माता शीतला को संबोधित करते हुए गीत गाया- तोहरी दुअरिया पर अइले बलकवा बनई द सेवल हे शीतला मैया और इसी कड़ी में दिनेश लाल यादव ने निरहुआ नाम हैं गाकर दर्शको का वाहवाही लूटी और लोग जमकर झूमे। भजन संध्या में सुजीत-मंजीत और गायिका जावित्री भवना ने भक्ति गीतों पर सभो को झूमने को मजबूर कर दिया। माँ शीतला के भव्य श्रृंगार के बाद यजमान परिवार सहित मौके पर जुटे भक्तों ने माँ की आरती की हैं। डीजीएस परिवार के आयोजक सूरज देव शुक्ला, ब्रह्म देव शुक्ला, ईश्वर देव शुक्ला और भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) ने जगराता में शामिल लोगों के प्रति आभार जताया हैं। जनसेवक राजू भैया ने कहा माँ शीतला क्षेत्र का कल्याण करेगी। जगराता में भारी भीड़ जुटी युवाओं ने गायकों के सुर में सुर मिलाकर धमाल मचा दिया। कार्यक्रम के संचालक प्रभु दाढ़ी ने किया।

आज लगेगा बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र शास्त्री का दरबार

सिरसा। दरअसल प्रयागराज में शहर से तकरीबन 50 किलोमीटर दूर मेजा तहसील के कुंवर पट्टी गांव सोना भवन में 2 फरवरी 2023 को धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम होगा। वहीं धीरेंद्र शास्त्री मेजा में मां शीतला कृपा महोत्सव में शामिल होने के लिए आएंगे। मां शीतला कृपा महोत्सव तकरीबन 4 घंटे का होगा। ऐसे में बागेश्वर सरकार सिर्फ एक दिन के लिए ही प्रयागराज आ रहे हैं। आपको बता दें कि विवादों के बाद धीरेंद्र शास्त्री का यूपी में यह पहला कार्यक्रम होगा। इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) जानकारी के अनुसार धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में लाखों की संख्या में भीड़ जुटने की उम्मीद है। यहां प्रयागराज के साथ ही आसपास के भी कई जिलों से श्रद्धालु पहुंचसकते हैं।

गरीबों का कल्याण एवं सेवा ही ईश्वर की सेवा : स्वतंत्र देव सिंह

अखंड भारत संदेश

सहसों। शिवा शीतगृह कांदी रोड सहसों में स्वर्गीय सेठ लाल चन्द्र केसरवानी एवं स्वर्गीय सेठ शिवपूजन केसरवानी के स्मृति एवं पुण्यतिथि पर विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन तथा दवा व चश्मा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने स्वर्गीय सेठ लालचन्द्र केसरवानी एवं स्वर्गीय सेठ शिवपूजन केसरवानी के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन कर विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गरीबों की सेवा एवं कल्याण ही सच्ची तथा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा केन्द्र एवं प्रदेश में मोदी योगी की सरकार ने गरीब माताओं को रहने के लिए पक्का मकान, भोजन, गैस कनेक्शन, बिजली का कनेक्शन, मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड सहित कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ गरीबों को मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा देश का बहुत बड़ा नुकसान पूर्व की कांग्रेस सरकारों में हुआ। जहां वंशवाद, जातिवाद, घोर भ्रष्टाचार शामिल रहा। देश व प्रदेश में तपस्वी व संत राज ही लोगों की सेवा कर रही हैं। मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगों से मां बाप की सेवा के साथ बच्चों से नशे वाली वस्तुओं से रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में कैबिनेट मंत्री ने इस महान, पुनीत आयोजन कार्यक्रम के आयोजक आशीष केसरवानी की सराहना करते हुए समाज सेवा की लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि देश का दीनहीन ही हमारा आराध्य है यह मानकर उसकी सेवा करें। कार्यक्रम में आशीर्वचन के साथ महामंडलेश्वर संत संतोष दास सतुआ बाबा ने कहा इस पुनीत कार्य के लिए राम लली देवी तथा आशीष केसरवानी समेत पूरे परिवार की आस्था के साथ सेवा करने पर खुशी व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य,पूर्व विधायक दीपक पटेल, ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह, ब्लॉक प्रमुख अरुणेंद्र यादव डब्बू , जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अश्विनी कुमार दूबे, जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार वीरेन्द्र बहादुर सिंह, ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्रा,ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक एवं जिला कोषाध्यक्ष गंगापार आशीष केसरवानी ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान श्री राम दरबार की दिव्य मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रमेश अग्रहरि ने किया। इस अवसर पर सतीश केसरवानी, मनीष केसरवानी, सुशील केसरवानी, सुनील केसरवानी, सत्यम केसरवानी, शिव नारायण सिंह गप्पू , राजधर द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, अनिल सरोज, नवीन पटेल, संजय सिंह, जयप्रकाश द्विवेदी, वीडीओ मनोज कुमार सिंह, जेई गिरजा शंकर यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

माघी पूर्णिमा पर 05 फरवरी को दौना में भव्यता के साथ मनेगी रैदास जयन्ती

प्रयागराज। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मण्डल सेक्टर प्रभारी प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/ सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता समाजसेवी आईपी रामबृज ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि माघी पुर्णिमा पर प्रयागराज के यमुनापार की विधानसभा बारा, थाना घूरपुर के अन्तर्गत आने वाली ग्रामसभा दौना में संत शिरोमणि गुरु रैदास जी की जयन्ती पर विशाल जयन्ती समारोह का आयोजन आगामी 05 फरवरी 2023, दिन रविवार, समय पूर्वाह्न 11: 00 बजे से किया गया है। जयन्ती समारोह के मुख्य संयोजक प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव रंग निर्देशक रंगकर्मी आईपी रामबृज ने बताया कि रैदास की वाणी में सत्य की सच्ची भावना, वैज्ञानिक सोच पर आधारित समाज के व्यापक हित की कामना तथा मानव प्रेम से ओत-प्रोत थी इसलिए रैदास की वाणी श्रोताओं के मन पर सीधा और गहरा प्रभाव डालता था। उनके भजनों तथा उपदेशों से लोगों को ऐसी शिक्षा मिलती थी जिससे उनकी शंकाओं का सन्तोषजनक समाधान हो जाता था और लोग स्वतः उनके अनुयायी बन जाते थे।आईपी रामबृज ने बताया कि दौना के आस पास गांव पचखरा, छीड़ी, छिड़िया, सेधुआर, तातारगंज, परसरा, रेरा, कांटी, चामू, खटंगिया, सीधे, जूही, कूड़ी, गौहानी जैसे दर्जनों गांवों से हजारों लोगों के उपस्थित होने की संभावना है।

रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी कर रहे मौर्य का भाजपाइयों ने फूंका पुतला

अखण्ड भारत संदेश

लेडियारी। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस पर दिया गया विवादित बयान से आक्रोशित भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में बुधवार को लेडियारी मंडी तिराहे पर स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया। पूर्व युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने कैथवल से लेडियारी तक नारेबाजी करते हुए विरोध पदयात्रा निकाली। मंडल अध्यक्ष प्रकाश द्विवेदी ने कहा की स्वामी प्रसाद जैसे दूषित मानसिकता के नेता वोट बैंक की राजनीति के लिए सामाजिक धार्मिक समरसता को बिगाड़ने में लगे हुए हैं ।इन्हे रामचरित मानस के किसी भी दोहे या चौपाई के भावार्थ का ज्ञान नहीं है।पहले ये किसी संत के शरण में ज्ञान ले उसके बाद इस पवित्र ग्रंथ पर कुछ बोले । उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण पर अखिलेश यादव की चुप्पी भी यह साबित कर रही है की स्वामी प्रसाद को उनका समर्थन है। हिंदुओ की जनभावनाओं से उनका कोई सरोकार नहीं है। चुनाव के समय यही अखिलेश यादव हिंदू बन जाते है किंतु जब हिंदुओ की भावनाओं के साथ खिलवाड़ होता है तो ये चुप्पी साध लेते है। सनातन धर्म के प्रतीकों या इससे जुड़ी भावनाओं का अपमान हिंदू समाज सहन नही करेगा। इस दौरान मंडल महामंत्री अरविंद तिवारी, विवेक चतुवेर्दी, विनोद दुबे, पवन दुबे, शिवम,सूरज,अयोध्या कोल,अमन समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मऊआइमा रेलवे फाटक पर रोजमर्रा जाम के झाम में फंसे रहते हैं लोग

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक पर किसी ट्रेन के गुजरने पर जब फाटक बंद रहता है तो घंटों लोग जाम के झाम में फंसें रहते हैं।ओवरब्रिज बनाने का वायदा केवल आश्वासन बन कर रह गया है। मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक पर रोजमर्रा जाम के झाम में लोग घंटों फंसे रहते हैं। बताया गया है कि मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में जाने का यही एक मार्ग है। बताया जाता है कि जब दोपहर में विद्यालय की छुट्टी होती है तो दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग जाती है। जिससे छात्र छात्राओं को बहुत दुश्वारियों का सामना करना पडता है। बताया जाता है कि बुधवार को दो ट्रेनों के आने पर एक घंटे फाटक बंद रहा जब खुला तो घंटों लोगों को जाम के झाम में फंसे रहे।दोनों ओर आधा किलो मीटर तक जाम में लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। बताते हैं कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को लेकर एम्बुलेंस भी फंसे रहते हैं। प्रायः प्रसव रोग से पीडा की मौत हो जाती है या वह एम्बुलेंस में डिलेवरी हो जाती है। कई बार सत्ता पक्ष के नेताओं ने ओवरब्रिज बनाने का वायदा किया परन्तु उनका वायदा अभी तक आश्वासन बन कर रह गया है।

ओवरब्रिज बनाने का वादा आश्वासन बन कर रह गया

समाधान पखवाड़ा के तहत उपभोक्ताओं को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

सहसों। उत्तर प्रदेश शासन से निर्दिष्ट विद्युत विभाग द्वारा सहसों बाजार में बुधवार को समाधान पखवाड़ा के तहत उपभोक्ताओं को जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। अधीक्षण अभियंता इंजीनियर नजम अहमद तथा अधिशासी अभियंता इंजीनियर मनोज यादव के नेतृत्व में बुधवार को सहसों चौराहा से लेकर सहसों बाजार तक विद्युत उपभोक्ता को जागरूक करने के लिए पैदल मार्च कर योजनाओं की जानकारी दी गई। विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ अवर अभियंता एवं अन्य कर्मचारी सहसों चौराहे से पैदल मार्च करते हुए प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर विद्युत उपभोक्ता पहचान एवं समाधान पकवाड़ा के तहत चलाई जा रही एक फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक सभी उपभोक्ताओं को लाउडस्पीकर तथा बैनर के माध्यम से जागरूक करते हुए बताया कि विद्युत सेवाओं को सरल बनाने के लिए तत्काल सभी उपभोक्ता 15 फरवरी तक केवाईसी अवश्य करा लें। जिससे विद्युत बिल का भुगतान एवं खराबी होने पर तत्काल दूर की जा सके। अधीक्षण अभियंता इंजीनियर नजम अहमद ने बताया कि केवाईसी कराने पर सभी विद्युत उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर तथा ईमेल विभाग में पंजीकृत हो जाएंगे। अधिशासी अभियंता इंजीनियर मनोज यादव ने बताया कि भविष्य में सभी उपभोक्ता की शिकायत से लेकर अन्य जानकारी के अतिरिक्त सभी योजनाओं की जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ही उपलब्ध कराया जाएगा।बिना मोबाइल नंबर पंजीकृत किए हुए शिकायत दर्ज कराना मुश्किल होगा। विद्युत विभाग के कर्मचारी पैदल मार्च के दौरान जागरूकता अभियान में उपखंड अधिकारी पवन कुमार सिंह, अवर अभियंता इन्द्रेश कुमार यादव, अवर अभियंता इंद्रसेन यादव, अवर अभियंता भानु प्रताप यादव एवं अवधेश सहित बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल है।

सहसों बाजार में विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करते विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

अप्रैल से न्यू पावर का होगा सुभारंभ

सहसों। विद्युत विभाग में न्यू जनरेशन के तहत अवर अभियंता इन्द्रेश कुमार यादव ने बताया कि मलावां पावर हाउस में 9 करोड़ की लागत से मलावां न्यू पावर हाउस के नाम से बन रहा है जो संभवत अप्रैल 2023 से कार्य करना शुरू कर देगा। उन्होंने बताया कि सहसों में कुल 22 हजार उपभोक्ता हैं यदि इसमें से 50 सीसी बिल का भुगतान समय से होने लगेगा तो नए पावर हाउस से इसे जोड़कर 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति की जा सकती है। नया पावर हाउस बनने से उपभोक्ताओं को 24 घंटे के अतिरिक्त अन्य सेवाएं भी सुविधाजनक रूप से मिलने लगेगी।

पूर्व सीजेआई गोगोई बोले

श्री राम और संविधान का जप करने से समृद्ध होगा देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। माघ मेला के सेक्टर तीन स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ शिविर के संत समागम में पहुंचे पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा सदस्य तरुण रंजन गोगोई ने कहा कि राम और संविधान का जप करने से ही देश समृद्ध होगा। जैसे प्रभु राम की पूजा की जाती है, उसी तरह संविधान की भी पूजा होती है, जिससे देश चलता है। वे इस संत समागम में जुटे सभी साधु-संतों का आशीर्वाद लेने आए हैं।राज्यसभा सदस्य गोगोई ने कहा कि राष्ट्रीय युवा चेतना के रोहित कुमार सिंह ने पावन गंगा की धरा पर आमंत्रित किया और इतनी संख्या में संतों से रूबरू होने का मौका मिला। साधु संतों को भी अपने अधिकारों और संविधान का ज्ञान होना चाहिए। इस दौरान उनकी पत्नी रूपांशी गोगोई भी मौजूद रहीं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि प्रयाग में पानी बचाने के लिए लोगों को काम करने की जरूरत है। लोगों को पौष्टिक आहार के सेवन पर भी ध्यान देना चाहिए।संत समागम की अध्यक्षता कर रहे युवा चेतना के रोहित कुमार सिंह ने मौजूद संतों को संबोधित करते हुए कहा कि 500 वर्षों तक प्रभु राम का मंदिर उनकी जन्मभूमि पर नहीं बन पाया। पूर्व न्यायाधीश के ऐतिहासिक फैसले से मंदिर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने गोगोई से निवेदन किया कि वह प्रयाग स्थित 12 माधव के विकास का मुद्दा संसद में उठाएं। इस अवसर पर अधिवक्ता विमलेश कुमार राय और श्वेता राय ने गोगोई दंपती का स्वागत किया। समागम के दौरान स्वामी विजयानंद सरस्वती, सर्वेश्वरानंद सरस्वती, पवन त्रिपाठी, रामाशंकर मिश्रा, गौरीशंकर पांडेय, सुभाष यादव, रोहित चौधरी समेत सैकड़ों की संख्या में साधु संतों के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

3 फरवरी को आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

संगम स्नान की भी संभावना

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को प्रयागराज में होंगे। मुख्यमंत्री को बार एसोसिएशन की ओर से हाईकोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना है। इसके अलावा वह माघ मेला क्षेत्र के निरीक्षण एवं संगम स्नान के लिए भी जा सकते हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन की ओर से बुधवार को ही तैयारी शुरू कर दी गई। माघ मेला क्षेत्र में भीड़ को देखते हुए रूट आदि बिंदुओं पर भी मंथन हुआ।

मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या शाखा में व्याख्यान का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय,प्रयागराज मे बुधवार को रजत जयंती वर्ष के अवसर शिक्षा विद्या शाखा के तत्वाधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया । व्याख्यान की अध्यक्षता प्रोफेसर पी.के स्टालिन, निदेशक शिक्षा विद्या शाखा ने की एवं बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता प्रोफेसर श्री शिव मोहन सिंह, पूर्व कुलपति, डॉ राम मनोहर लोहिया, अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रोफेसर छत्रसाल सिंह एवं विषय प्रवर्तन प्रोफेसर पी.के. पांडेय ने किया। संचालन श्री परविंद कुमार वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विद्या शाखा के समस्त शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर शिव मोहन सिंह, पूर्व कुलपति, डॉ राम मनोहर लोहिया, अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या ने कहा कि आज शिक्षा में ज्ञान के साथ-साथ आदर्श की आवश्यकता है । आचार्य किताबी ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों को आचरण का भी ज्ञान दें, जिसके दम पर विद्यार्थी अपने ज्ञान का उपयोग देश व समाज के सकारात्मक विकास में करें। किताबी ज्ञान अधिक हो जाने से आदर्श का ज्ञान संभव हो पाएगा, इसलिए हमें विद्यार्थियों को निरंतर परिवर्तन के दौर से गुजरते हुए भी अनुभव कराने का प्रयास करना चाहिए कि आपका जीवन क्या केवल किताबी ज्ञान तक सीमित हो जाए या उस ज्ञान का समाज में उपयोग हो, इसका भी ध्यान कराना चाहिए। अपने अनुभव के माध्यम से प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज विश्वविद्यालयों की स्थिति बहुत ही चिंताजनक है। वहां प्रत्येक विद्यार्थी केवल ज्ञान प्राप्त करने और नौकरी के पीछे अपनी पूरी उम्र खपा देने में ज्यादा कार्यरत रहता है। कभी देश व समाज के बारे में सोचने या उसके लिए कुछ करने हेतु तत्पर दिखाई नहीं देता है। यह कमी क्यों है? यह बहुत ही चिंता एवं चिंतन का विषय है। इस पर हमें निरंतर सोचने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय में अनुशासन मजबूत होना चाहिए। हम मातृभूमि या राष्ट्र से प्रेम की भावना विद्यार्थियों में भरे तो हमारा राष्ट्र उन्नति की ओर अग्रसर होगा। इसके लिए शिक्षक को भी पूरी तरीके से पुस्तकीय ज्ञान से निकल कर अपने आदर्शों के माध्यम से समाज में आना होगा । समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा जगत से अवगत कराते हुए मजबूत करना होगा।

माघ मेला क्षेत्र में चोरों का आतंक, इच्छाप्रद हनुमान लालेश्वर दास खालसा में हजारों की चोरी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इन दिनों प्रयागराज जिले में पतित पावनी माँ गंगा के पावन तट पर एक माह के लिए माघ मेला चल रहा है। जिसमें दूर दराज इलाकों और प्रदेशों से माँ के भक्त माँ गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ ले रहे हैं, वहीं मेला क्षेत्र में चोर भी पुलिस को खुली चुनौती देने से नहीं हट रहे हैं। चोर आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, किंतु झुंसी और मेला पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकामयाब साबित हो रही है।ताजा मामला माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर 3 स्थित रामानंद 'द' मार्ग का है। जहां इच्छाप्रद हनुमान लालेश्वर दास खालसा में बुधवार की भोर अज्ञात चोरों ने हजारों की चोरी की घटना को अंजाम देते हुए पुलिस को खुली चुनौती दी है। खालसा के महंत लालेश्वर दास जी महाराज ने झुंसी कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की भोर 4 बजे के करीब अज्ञात चोरों ने कैंप से 5 मोबाइल और दस हजार रुपये नकदी को चुरा कर भाग गए। सुबह जब सोकर उठे तब जाकर घटना की जानकारी हुई। महंत लालेश्वर दास जी महाराज द्वारा दी गई तहरीर के बाद सक्रिय हुई पुलिस मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। इस दौरान पुलिस ने चोरों का पता लगाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसके हाथ खाली रहे। अब यहां ये देखने वाली बात होगी कि पुलिस चोरों का पता लगा पाती है या अन्य घटनाओं की तरह ये घटना भी फाइलों में ही दबकर रह जाती है। वहीं प्रभारी निरीक्षक झुंसी का कहना है मामले की जांच की जा रही है जल्द चोरी की घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

गुस्से में प्रेमी ने ईंट से सिर कूचकर कर दी प्रेमिका की हत्या

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज में चार दिन पहले हुई महिला की हत्या का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, महिला की हत्या उसके प्रेमी ने की थी। महिला दो साल से प्रेमी के साथ लिवइन में रह रही थी। वह अक्सर फोन पर बात करती थी। प्रेमी को शक था कि उसका अफेयर है और वह अपने दूसरे प्रेमी से फोन पर बात करती है।घटना वाले दिन भी महिला किसी से फोन पर बात कर रही थी। गुस्से में प्रेमी ने ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी। यहां तक की उसकी आंख भी फोड़ दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आज उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रेमी का कहना है कि उसे कोई अफसोस नहीं है। वो फोन पर बात करती थी, मुझे ये बर्दाश्त नहीं होता था।

2 साल पहले सूरत में हुई थी सुनीता से मुलाकात : हत्यारोपी मनीष यादव पुत्र रोशन लाल यादव निवासी ग्राम मां पुर कोखराज, कौशांबी का रहने वाला है। मनीष ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात सूरत में 2 साल पहले सुनीता से हुई थी। सुनीता मूल रूप से मध्य प्रदेश के रीवा जनपद अंतर्गत मऊगंज थानन क्षेत्र के दुगना कुर्मियान गांव की रहने वाली है। एक निमार्णाधीन साइट पर दोनों काम करते थे।

प्रेमी ने बताया दूसरे से करती थी बात

सुनीता के पति की मौत हो गई थी। दोनों की नजदीकी बढ़ी और प्यार हो गया। तभी से दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। सुनीता की सात साल की बेटी भी दोनों के साथ रहती थी। मनीष उसका ध्यान रखता था।

10 दिन पहले माघ मेले में आए थे दोनों : 29 जनवरी को दोनों ने माघ मेले के परेड ग्राउंड में काली सड़क के फ्लाईओवर के पास अंडा खाया और दोनों ने शराब पी। शराब पीने के बाद सुनीता फोन पर किसी से बात करने लगी। यहीं से मनीष का दिमाग खराब हो गया। सुनीता अक्सर फोन पर किसी से बात करती थी।

सिर पर तीन बार किया था वार : मनीष को लगता था कि वह किसी और पुरुष से बात करती है। वह किसी और के साथ अवैध संबंध में है। इसी शक में दोनों के बीच विवाद हुआ और मनीष ने सुनीता के सिर पर ईंट से वार कर दिया। 3 बार वार होने से उसका सिर फूट गया। चेहरे पर भी गहरे जख्म हो गए। इसी में उसकी एक आंख भी फूट गई।

पुलिस के आने पर भाग गया था प्रेमी : लहूलुहान होकर गिरने के बाद मनीष उसे उठाकर अस्पताल ले जाने की कोशिश करने लगा, लेकिन तभी पुलिस की गाड़ी वहां से गुजरी और वह घबरा गया। सुनीता को छोड़कर वह भागकर आपने गांव कौशांबी चला गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बुधवार को मीडिया के सामने पेश किया।

सो रही थी 7 साल की मासूम : पुलिस ने मीडिया को बताया कि जिस समय दोनों के बीच विवाद हुआ उस समय सुनीता की 7 साल की मासूम बेटी सो रही थी। मां की चीख सुनकर उसकी नीद खुली तो वह अवाक रह गई।वह मां को बचाने के लिए दौड़ी लेकिन मनीष ने उसे झिटक दिया। जिससे वह डर गई। मनीष ने उसकी मां को डंडे से पहले पीटा, फिर ईंट से सिर और चेहरा कूच डाला। जाते-जाते एक आंख भी फोड़ दी। जिससे उसकी मौत हो गई। एसीपी दारागंज, आस्था जायसवाल ने बताया कि मृतका सुनीता की बेटी को उसके मायके वालों को सौंप दिया गया है। अब वह अपने मामा के साथ रहेगी।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 150वीं वर्षगांठ पर लगेगा दिग्गजों का जमावड़ा

प्रयागराज। एशिया के सबसे बड़े इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। हाईकोर्ट परिसर में आयोजित होने वाला कार्यक्रम शाम चार बजे शुरू होगा। उद्घाटन कार्यक्रम दो घंटे तक चलेगा। इसके बाद इसका समापन चार फरवरी को होगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधाकांत ओझा ने बताया कि समापन कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। इसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि मंत्री किरन रिजिजू होंगे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति विक्रमनाथ के भी मौजूद होने की संभावना है। हालांकि, बार एसोसिएशन की ओर से अभी इन दोनों नामों के बारे में कोई स्पष्टद्द जानकारी नहीं दी गई है। कार्यक्रम हाईकोर्ट परिसर में आयोजित होगा। इसके लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

साहित्यकार जयनंदन को मिला श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान

अखंड भारत संदेश

12वें श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान का हुआ वर्चुअल प्रसारण

फूलपुर। इफको कला, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण में प्रयत्नशील है। जयनंदन ने बिहार व झारखण्ड में आदिवासी जीवन, कृषक चुनौतियों, एवं ग्रामीण परिवेश का अपनी रचनाओं में सजीव चित्रण किया है। उक्त बातें इफको साहित्य सम्मान श्रीलाल शुक्ल स्मृति पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार जयनंदन जी को वर्चुअल संवाद के माध्यम से बधाई देते हुए इफको के प्रबंध निदेशक डा० उदयशंकर अवस्थी ने कही। झारखंड के जमशेदपुर में हुए सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण इफको मुख्यालय, इफको फूलपुर इकाई व अन्य सभी इकाईयों में किया गया। इफको की फूलपुर इकाई के अधिकारियों ने भी श्रीलाल शुक्ल स्मृति पुरस्कार से सम्मानित जयनंदन को शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार मनमोहन पाठक रहे। साहित्यकार डॉ जय प्रकाश कर्दम, रवेन्द्र त्रिपाठी, प्रो. रवि भूषण, मुरली मनोहर प्रसाद, डॉ राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट जनों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इफको साहित्य सम्मान श्रीलाल शुक्ल स्मृति पुरस्कार पाकर प्रबंध निदेशक का आभार व्यक्त करते हुए साहित्यकार जयनंदन ने कहा कि इफको वह संस्था है जो साहित्य को प्रतिष्ठित करने का कार्य कर रही है। 26 फरवरी 1956 को नवादा, बिहार के मिलकी गाँव में जन्मे जयनंदन को बिहार सरकार राजभाषा सम्मान एवं झारखण्ड सरकार साहित्य सेवी सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उनकी प्रमुख रचनाएं सल्तनत को सुनो गाँव वालों (उपन्यास), गाँव की सिसकियाँ, व विश्व बाजार का ऊँट (कहानी संग्रह) है। बता दें कि श्रीलाल शुक्ल पुरस्कार प्रतिवर्ष इफको संस्था द्वारा एक ऐसे साहित्यकार को दिया जाता है जिसकी रचनाओं में ग्रामीण जीवन एवं कृषि जीवन सजीव चित्रण सम्मलित होता है। इसमें एक प्रतीक चिन्ह, रजत पट्टिका, प्रशस्ति पत्र एवं ग्यारह लाख रुपये का चेक प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन शाहीद अनवर ने किया। कार्यक्रम में इफको के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर, यू.के.सिन्हा राज्य विपणन प्रबंधन रांची, ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी , ऑल इंडिया इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

झूंसी में अजय राय का हुआ भव्य स्वागत

झूंसी। कांग्रेस के प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का बुधवार को झूंसी के अनवर मार्केट के सामने कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया। आजय राय वाराणसी से प्रयागराज आ रहे थे। झूंसी में कांग्रेसी नेताओं व कार्यकताओं उनका माला पहना कर जोरदार स्वगात किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के जिन्दाबाद के गगन भेदी नारे लगाये। स्वागत करने वालो में शहर अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा, अंशुमान, भोले सिंह, इश्तियाक अहमद, दत्तात्रेय त्रिपाठी, बिजली यादव, गीता भारती, सौरभ श्रीवास्तव, रिंकू तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

फाइनल मुकाबला जीतकर बनी चैंपियन टीम मंडौर

उतरांव। जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर कस्बा में आयोजित मुलायम सिंह यादव की स्मृति में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे फाइनल मुकाबला मंडौर टीम जीत कर प्रतियोगिता में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। चैंपियन टीम मंडौर आयोजक द्वारा शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। जलालपुर कस्बा में रविवार को मुलायम सिंह यादव की स्मृति में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन सपा नेता प्रमोद सिंह पटेल के द्वारा किया गया था ।प्रतियोगिता में कुल 28 टीमे भाग लिया देर रात तक फाइनल मुकाबला मंडौर और अनमोल ढाबा के बीच खेला गया।और तीन सेट के मैच मे दो एक से जलालपुर की टीम को हराकर मंडौर की टीम प्रतियोगिता में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता के आयोजक सपा नेता अवधेश नारायण सिंह यादव ने विजेता को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर खुर्शीद भाई, इस्तेखार ग्राम प्रधान, इश्तियाक भाई, मोहम्मद अफजल, गुलशेर, समीर भाई आदि लोगों का सहयोग रहा।

सुविधा शुल्क मांगने का आरोप, एमए का छात्र बोला समय से पहले कक्ष निरीक्षक ने कॉपी छीनी

प्रयागराज। प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद आसेपुर स्थित श्याम कुमारी महाविद्यालय का एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है। जिसमें नकल के लिए सुविधा शुल्क न देने पर छात्र ने आरोप लगाया है, कि समय से पहले कॉपी छीनकर विद्यालय से भगा दिया गया। **छात्रों से नकल कराने के नाम पर ली जाती है सुविधा शुल्क :** बता दें कि छात्र अखिलेश सिंह पुत्र माता बरन निवासी ग्राम दुगुना पोस्ट कटरा भदोही का रहने वाला है। जिसकी एमए की परीक्षा श्याम कुमारी महाविद्यालय में हो रही है?। छात्र ने बताया कि उसका एमए प्रथम वर्ष हिंदी की परीक्षा श्याम कुमारी महाविद्यालय आसेपुर में चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि सभी छात्रों से नकल कराने के लिए सुविधा शुल्क के नाम पर 1000 रुपए लिया गया था। **सुविधा शुल्क न देने छात्रों को बैठाते है दूसरें कमरे में :** जिन छात्रों ने सुविधा शुल्क नहीं दिया। उन्हें परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के द्वारा अलग कमरे में बैठाया जाता था। हद तो तब हो गई जब छात्र अपना पेपर दे रहा था। उस दौरान आधे घंटे पहले कक्ष निरीक्षक ने कॉपी छीनते हुए छात्र की पिटाई करके विद्यालय से भगा दिया गया। जिसके बाद पीड़ित छात्र ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई।छात्र के तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई हैं। उक्त मामले में थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

रेल ढांचा दुरुस्त करने के लिए यूपी पर खास मेहरबानी

पिछली बार की अपेक्षा ज्यादा मिला बजट

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। कहा जाता है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता वाया लखनऊ है। इसी वजह से इस बार केंद्र सरकार के आम बजट में पिछली बार की तुलना में रेलवे को तकरीबन दोगुना बजट मिला है। इस बजट में यूपी के खाते में खास तौर से उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) को कितना मिला, इसकी पुष्टि पिंक बुक से ही होगी। लेकिन माना जा रहा है कि मोदी सरकार 2.0 के इस अंतिम पूर्ण बजट से यूपी का हिस्सा सर्वाधिक है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया है। पिछले बजट में यह राशि 1.40 लाख करोड़ रुपये थी। यानी कि पिछली बार की तुलना में इस बार एक लाख करोड़ ज्यादा का बजट रेलवे के खाते में आया है। इस भारी भरकम बजट से रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्य ही प्राथमिकता के आधार पर करवाएगा। एनसीआर की बात करें तो पिछली बार उसके खाते में 51 अरब रुपये आए थे। इस बार यह रकम सौ अरब रुपये पार होने की उम्मीद है। इस रकम से यहां मुख्य रूप से कवच का काम होगा, क्योंकि इस वर्ष के अंतिम तक दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रूट पर ट्रेनों की अधिकतम स्पीड 160 किमी प्रतिघंटा की जानी है। इसके अलावा प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल के पुनर्विकास के लिए भी बजट मिलना तय है। क्योंकि इस प्रोजेक्ट की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। साथ ही प्रयागराज मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना के तहत भी प्रत्येक स्टेशन के विकास के लिए 15-15 करोड़ रुपये भी मिलेंगे। इस योजना के तहत एनसीआर के तीन मंडल के 46 स्टेशनों का विकास होना है। वहीं फाफामऊ से जंघई के बीच दोहरीकरण का काम भी रफ्तार पकड़ेगा। प्रयागराज के सूबेदारगंज में बनाए जाने वाले रेलफ्लाई ओवर एवं जंक्शन से बम्हरौली के बीच चौथी लाइन का भी काम भी अब शुरू होगा।जंक्शन के यार्ड की रिमॉडलिंग एवं निरंजन रेल ब्रिज के चौड़ीकरण का बजट भी एनसीआर की पिंक बुक में मिलने की उम्मीद रेलवे अफसरों ने जताई है। एनसीआर के सीनियर पीआरओ डॉ. अमित मालवीय के अनुसार बजट के बाद अब पिंक बुक का इंतजार है। पिंक बुक में ही एनसीआर में होने वाले कार्यों का उल्लेख रहेगा।

बजट से कुछ लोगों में खुशी कुछ ने कहा लोक लुभावना

अखंड भारत संदेश

सहसों। भारतीय संसद में बजट पेश किया गया जिससे कुछ लोगों में खुशी है तो कुछ लोगों में नाराजगी के साथ लोकलुभावन बताया गया। भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को बजट पेश किया। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त किया। कुछ लोगों ने बजट को सराहा तो कुछ लोगों ने कहा यह बजट चुनाव को देखते हुए लोक लुभावना है। जिस पर लोगों ने अपनी अपनी अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त किया।

इस बजट पर : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा कि यह बजट सिर्फ लोकलुभावन और चुनावी है। इसे 2023 में होने वाले चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनाव को दृष्टिगत प्रस्तुत किया गया है। इसमें दैनिक जीवन में काम आने वाली खाद्य वस्तुएं जैसे आटा, चावल, दाल ,तेल, मसाले, डीजल , पेट्रोल एवं अन्य जीवन रक्षक दवाइयां उर्वरक आदि मूल्यों पर कोई कमी नहीं की गई है। बजट में नौजवानों को कैसे नौकरियां मिले कैसे महंगाई पर नियंत्रण हो इस पर कोई बात नहीं की गई है।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने बजट को संतोषजनक बताते हुए कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग जनजातीय वर्ग तथा रोजगार सृजन की चिंता की गई है। यह बजट भारत के गरीब लोगों एवं आमजन को समर्पित बजट है।

शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि बजट से इस बार नौकरी पेशा लोगों को सरकार ने बहुत बड़ी राहत दिया है। इस सरकार में पहली बार सरकारी कर्मचारियों को टैक्स पर राहत देते हुए छूट सीमा बढ़ाई है। सात लाख तक इनकम पर टैक्स सून्य रखा गया है। वही 3 से 6 लाख आय पर 5% टैक्स देना होगा। यह बहुत बड़ी राहत मिली है। टीवी, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी सस्ता किया जाना जनहित का फैसला है।



वरिष्ठ समाजसेवी एवं साधन सहकारी समिति पैगंबरपुर के अध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी आजाद बजट पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट जनविरोधी एवं हवा हवाई है।

आनलाइन आवेदन की तिथि 08 फरवरी तक बढ़ी

प्रतापगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संत सिंह ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 में प्रवेश परीक्षा सत्र 2023-24 हेतु आनलाइन आवेदन की तिथि 08 फरवरी 2023 तक बढ़ा दी गयी है, पहले यह तिथि 31 जनवरी 2023 तक निर्धारित थी। उन्होने बताया है कि वर्तमान सत्र में कक्षा 5 में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें जिनका जन्म 01 मई 2011 से 30 अप्रैल 2013 के बीच जन्म हुआ हो (दोनो दिवस शामिल) के बीच हुआ हो आनलाइन आवेदन कर सकते है। परीक्षा की तिथि 29 अप्रैल 2023 निर्धारित की गयी है। आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

रामचरितमानस का विरोध प्रदर्शन करने आए विधायक समर्थकों को दौड़ा-दौड़ाकर अधिवक्ताओं ने पीटा

पुलिस ने भी लाठी पटककर प्रदर्शनकारियों को भगाया

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य व विधायक रानीगंज आरके वर्मा का रामचरित मानस के विरुद्ध दिये गये बयान के समर्थन में आज जिला कचहरी में प्रदर्शन करने व ज्ञापन देने आए विधायक समर्थकों को अधिवक्ताओं ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। टकराव की सूचना पाने पर पुलिस भी पहुंची और डण्डा पटककर प्रदर्शकारियों को भगाया।

विधायक समर्थकों को दौड़ाते अधिवक्तागण।

आरोप है कि कुछ समर्थक रामचरित मानस की प्रतियां जलाना चाहते थे। इस सूचना पर अधिवक्ताओं में आक्रोष फैल गया और प्रदर्शनकारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। इस टकराव की सूचना पर पुलिस भी पहुंची और प्रदर्शकारियों को डण्डा पटककर भगाकर मामला किसी तरह शांत कराया। बताया जाता है कि कुछ समर्थक बुरी तरह से पिट गये हैं। बहरहाल दोनों पक्षों में तनाव है। इस बारे में अधिवक्ताओं का कहना है कि विधायक के समर्थक कचहरी में माहौल को खराब करना चाहते थे लेकिन अधिवक्ताओं के प्रबल विरोध और पुलिस के पहुंच जाने पर मामला शांत हो गया। बता दें कि एक दिन पूर्व अधिवक्ताओं ने रामचरित मानस पर पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य एवं रानीगंज विधायक के विरोध में कचहरी में बैठक कर दोनों नेताओं के बयान की निंदा की थी।

स्वामी प्रसाद मौर्य व रानीगंज विधायक पर रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और रानीगंज विधायक के विरुद्ध नगर कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। स्वामी प्रसाद मौर्य और विधायक आरके वर्मा पर रामचरित मानस की प्रतियां जलाने का शिकायतकर्ता अधिवक्ता संतोष मिश्र ने आरोप लगाया है। पुलिस ने धारा 153, 295, 298, 505 की धारा में केस दर्ज किया है। बता दें कि दो दिन पहले रानीगंज विधायक ने राम चरित मानस को लेकर विवादित ट्वीट किया था।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के आदेशानुसार 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होने वादकारियों से कहा है कि अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाएं।

नगर पालिका ने हटाया अवैध होडिंग पोस्टर व बैनर

जिला जज आवास से लेकर जिला अस्पताल तक चला अभियान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देष पर आज बुधवार को नगर पालिका ने जिला जज के आवास के सामने से लेकर जिला अस्पताल के गेट तक सड़क के किनारे लगी अवैध होडिंग, पोस्टर व बैनर को उतारकर उठा ले गये।

बता दें कि नगर पालिका का कार्यभार प्रषासक के हाथों में आने के बाद पहली बार यह प्रभावी कार्यवाही की गई है। बुधवार को दोपहर में 12.30 बजे नगर पालिका के कर्मचारी अपने दल-बल के साथ टण्डन तिराहे पर पहुंचे, फिर कम्पनी गार्डेन, अम्बेडकर चैराहा, राजापाल चैराहा, राजकीय इंटर कालेज, जिला अस्पताल व महिला अस्पताल के सामने लगे होडिंग, पोस्टर, बैनर को नगर पालिका कर्मचारियों ने उतारकर अपने वाहन में लाद लिया। दो घंटे चली इस कार्यवाही में कहीं कोई अवरोध नहीं आया। नगर पालिका की इस कार्यवाही में आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद, स्वच्छ भारत मिषन के डीसीएम वरुण कुमार सिंह, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह शामिल थे।

खंभों से होडिंग उतारते नगर पालिका कर्मी।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत डोर टू डोर शुरू हुआ कूडा एकत्रीकरण मिशन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत शासन के फरमान पर बुधवार को स्थानीय नगर पंचायत के वार्डो मे डोर टू डोर कूडा एकत्रीकरण अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ दीवानी वार्ड मे नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने किया। ईओ ने स्वच्छताकर्मियो से कहा कि बुधवार से शुरू इस अभियान के प्रथम चरण मे पन्द्रह फरवरी तक आईईसी की गतिविधियों के तहत जनता को दुर्गन्धमुक्त वातावरण तथा चिकनगुनिया व डेंगू, मलेरिया आदि जनित रोगों से बचाव की जागरूकता दी जानी चाहिए। ईओ ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण मे मण्डल मे दो बार अव्वल स्थान का कीर्तिमान बनाने वाली नगर पंचायत को जनता के सहयोग से फिर अव्वल बनाए रखने का संकल्प पूरा किया जाएगा। उन्होनें यह भी बताया कि द्वितीय चरण में दस फरवरी से तीन मार्च जागरूकता का डोर टू डोर कैम्पेन कर व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं उन्होने बताया कि चार मार्च से इक्तीस मार्च तक व्यवसायिक प्रतिष्ठानो के प्रति अभियान मे सहयोग न करने पर नगर पंचायत कार्यवाही अभियान भी शुरू करेगा। अभियान को लेकर स्वच्छताकर्मियों को पहले दिन दीवानी वार्ड तथा नेताजीपुरम वार्ड में विशेष स्वच्छता के कार्य भी सम्पन्न करते देखा गया। वहीं स्वच्छताकर्मियो ने लोगों को कूड़ा संग्रह के लिए दी गयी डस्टबिन के उपयोग को लेकर जागरूक भी किया। इस मौके पर विकास तिवारी, अरविंद मिश्र, अनिकेत दुबे, रोहित मिश्र, आशीष सिंह आदि रहे।

पूरे सेवाकाल में कर्मचारियों ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा से नपा को आगे बढ़ाया: हरिप्रताप

सेवानिवृत्त हुए दो कर्मचारियों को नगर पालिका ने दी भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पालिका परिषद बेला के सभागार में पालिका के सेवानिवृत्त लिपिक सूर्यजीत सिंह एवं उमेन्द्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में आए पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारीद्वय के साथ मुझे लम्बे समय तक कार्य करने का अवसर मिला, जिन्होंने पालिका के उत्थान के लिये अपना सर्वोत्तम योगदान परिश्रम व निष्ठा के साथ दिया। उन्होंने एक अच्छे कर्मचारी का कर्तव्य भी निभाया है। उनके अनुभवों का लाभ अन्य कर्मचारियों को भी मिलेगा। इस अवसर पर अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने कहा कि उन्हें सेवानिवृत्त हो रहे।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विदाई समारोह में मौजूद हरिप्रताप सिंह व अन्य।

कर्मचारियों के साथ कार्य करने का तो कम अवसर मिला, परन्तु इतने ही दिनों में उनकी कार्यषैली ने मुझे प्रभावित किया। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद, मिथिलेष सिंह, अषोक कुमार शुक्ला, महेष तिवारी, अनिल शुक्ला, प्रषांत सिंह, भूपेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, ओम प्रकाष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

रामचंद्र तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण करते गोपाल जी।

जिलाध्यक्ष के घर पहुंचकर एमएलसी ने जताई शोक संवेदना

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी तहसील क्षेत्र के ग्राम ढाढर में प्रतापगढ़ के विधान परिषद सदस्य एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी के बाबाजी रामचंद्र तिवारी के आकस्मिक निधन की सूचना पर निज निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। बता दें कि बीते गुरुवार को आकस्मिक निधन हुआ था। जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी के बाबाजी श्री रामचंद्र तिवारी 100 वर्ष के थे। इस दौरान गोपाल जी ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया एवं परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। जिलाध्यक्ष के घर पहुंचकर एमएलसी ने जताई शोक संवेदना। साथ में पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंसाफ बहादुर सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश सिंह, बीडीसी पिंटू सिंह, राममिलन गौतम, पारसनाथ सरोज, आजाद विक्रम, मयंक श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह, राजेश सिंह, विपिन पांडे, वरिष्ठ नेता राम सजीवन तिवारी, एवं एवं निजी सचिव देवेंद्र पाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

मारपीट की घटना मे मूकदर्शक पुलिस, उच्चाधिकारियों से गुहार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट की घटना में पीड़ित की शिकायत के बावजूद पुलिस पर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई न किये जाने का आरोप लगा है। महेशगंज थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा मजरे सराय खानदेव निवासी विनोद कुमार यादव पुत्र राम नारायण बीते सोमवार को अपनी ससुराल जाने के लिए घर से निकला। पीडित का कहना है कि रास्ते मे लालगंज कोतवाली के ढिंगौसी पेट्रोल पंप के पास उसके गांव के ही लल्लन सरोज ने अपने तीन चार अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया और मारापीटा। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे यह भी कहा है कि आरोपियो के द्वारा हमले मे चोट अधिक लगने के कारण वह बेहोश हो गया। पीडित ने होश मे आने के बाद दवा इलाज कराकर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना के बाबत तहरीर दी। पीडित का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस उसे जांचकर कार्रवाई का आश्वासन दे रही है। तीन दिन बाद भी पीडित के कोतवाली मे लगातार चक्कर लगाने के बावजूद अभी तक उसकी रिर्पोट दर्ज नही हो सकी है। इसे लेकर पीडित ने उच्चाधिकारियों से भी इंसाफ की गुहार की है।

गंदगी व दुर्व्यवस्था देखकर भड़के बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष

जिला अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेष राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा0 देवेन्द्र शर्मा ने आज बुधवार को राजकीय मेडिकल कालेज के अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया व मरीजों से मिले और उनसे उनका हाल-चाल लिया। अस्पताल में फैली गंदगी पर सीएमएस को फटकारा।

आईसीसीयू वार्ड में चिकित्सक के न रहने पर भी जानकारी ली। पता लगा कि इस कक्ष में ताला लगा था। ताला खुलवाया गया और नर्स से पूछताछ की। नर्स को भी फटकार लगाई। अध्यक्ष डा0 शर्मा ब्लड बैंक भी देखने गये। उन्होंने सीएमओ से अस्पताल में व्यापत दुर्व्यवस्था की जांच करने, डाक्टर के न रहने की षिकायत को गंभीरता से लेने का निर्देष दिया। इसी बीच एक वृद्ध महिला ने अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा से षिकायत की कि उसके पास आयुष्मान कार्ड है, फिर भी उनसे पैसा मांगा जा रहा है। इसको भी आयोग के अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया और सीएमओ से जांच कर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देष दिया। उत्तर प्रदेष राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा0 देवेन्द्र शर्मा के आकस्मिक दौरे से अस्पताल में हड़कंप रहा। बताया गया कि मेडिकल कालेज के प्रिंसपल भी अस्पताल में नहीं मिले।

जिला अस्पताल में मरीजों से हालचाल लेते अध्यक्ष डा0 देवेन्द्र शर्मा।

जानवर को बचाने के चक्कर मे अनियन्त्रित कार पेड़ से टकराई, महिला की मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय से अपने घर को आल्टो कार से लौट रहे पति पत्नी व बच्चे की अनियंत्रित कार जानवर को बचाने के चक्कर मे पेड़ से जा टकराई, जिसमें पत्नी की मौत हो गई और कार चला रहे पति मामूली रूप से घायल हो गये। साथ में बच्ची बाल बाल बच गई।

घटना के बारे में जानकारी करने पर नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सभा आलापुर के इब्राहिमपुर निवासी शान मोहम्मद अपनी पत्नी फरीदा बानो व बच्चे के साथ प्रतापगढ़ समारोह से मंगलवार की देर रात लगभग 11 बजे वापस अपनी ऑल्टो कार से घर को लौट रहे थे कि नवाबगज थाना क्षेत्र के बरियावां मोड़ के समीप अचानक सड़क पर जानवर के आ जाने से उसको बचाने के चलते ऑल्टो कार पेड़ से जा टकराई जिससे घायल अवस्था में पत्नी फरीदा बानो (36) वर्षीय व मामूली रूप से घायल कार चला रहे शान मोहम्मद को सीएचसी कालाकांकर ले गये जहाँ चिकित्सकों ने फरीदा बानों को मृत्यु घोषित कर दिया और मामूली रूप से घायल शान मोहम्मद को उपचार करने के बाद छुट्टी दे दिया और बच्ची सकुशल बच गई। शव का पंचनामा करके पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। उधर घटना की खबर मिलते ही परिजन लोग भी मौके पर पहुँच गए मौत की खबर लगते ही घर मे चीख पुकार मच गई।

ऊँचाहार एक्सप्रेस निरस्त ट्रेन को चलाने की व्यापारियों ने उठाई मांग

परियावां, प्रतापगढ़। प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन से सुबह व शाम को गुजरने वाली ऊँचाहार एक्सप्रेस ट्रेन 12417 अप व 14218 डाउन ट्रेन के बन्द होने से यात्रियों को सफर के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जब कि रेल विभाग ने शीत लहर को देखते हुए 3 माह के लिए ऊँचाहार एक्सप्रेस ट्रेन को 1 मार्च तक के लिए निरस्त कर दिया है। लेकिंन शीतलहर का मौसम गायब है। बसंत पंचमी भी निकल गया लेकिन शीत लहर नही दिखाई दे रही है रेल विभाग ने एडवांस में शीत लहर को देखते हुए 3 माह के लिए ऊँचाहार एक्सप्रेस ट्रेन को बन्द कर दिया।जब कि कुन्डा मानिकपुर परियावां कालाकांकर व ऊँचाहार रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को कानपुर सेंट्रल व दिल्ली चंडीगढ़ जाने व आने के लिए कोई सीधी ट्रेन नही है जिससे यात्री अपने गतंव्य की ओर रवाना हो सके।

संदिग्ध परिस्थितियों मे महिला की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों मे महिला की मौत से परिजनो मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के भवराम बोझी गांव में दीपचंद्र वर्मा की पत्नी प्रभावती 22 की बुधवार की तडके अचानक सांसे थम गयी। प्रभावती की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे दो वर्ष का पुत्र आकाश तथा एक वर्ष की मासूम बेटी निराश्रित छोड गयी है। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक परिवार मे हाल ही मे मांगलिक कार्यक्रम था। इसके कारण रिश्तेदारो की भी भीड घर मे हो गयी। घटना की रात मृतका जमीन मे ही बिस्तर पर लेटी थी। देर रात ठण्ड लगने से उसकी तबीयत खराब हुई तो परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। इधर ट्रामा सेंटर मे चिकित्सको ने प्रभावती को देखते ही मृत घोषित कर दिया। प्रभावती अनुसूचित जाति की थी। पांच वर्ष पूर्व गांव के ही दीपचंद्र के साथ उसका लवमैरिज हुआ था। घटना की जानकारी पर मृतका के मायके के लोग भी पहुंचे और मौत पर संदेह जताने लगे। मायके के लोगों की सूचना पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिर्पोट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। प्रभावती की मौत की जानकारी होते ही दीपचंद्र के घर पर गांव के लोगों की भी भीड़ जुट गयी। घटना को लेकर गांव मे दबी जुबान से तरह तरह की चर्चा भी देखी सुनी गयी। कुछ लोग मृतका के प्रेम विवाह मे ससुरालीजनों के अनबन को भी लेकर घटना से जोडते दिखे। पीएम रिर्पोट आने के बाद ही प्रभावती की मौत से रहस्य का पर्दा उठ सकेगा। वहीं प्रभावती की मौत को लेकर उसके दो मासूम बच्चों को मां के शव से लिपट कर शिसकियां लेते जरूर देखा गया। हालांकि अबोध बच्चो को मां की मौत या फिर उसके नींद के आगोश मे होने का आभास नही हो पा रहा था। मासूमों के सिर से मां का साया उठ जाने को लेकर गांव की महिलाएं भी घटनास्थल पर अपने आंसू नही संभाल सकी दिखीं।

चार प्रधानों का दल आज होगा रवाना

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर की गंगा किनारे बसे ग्राम पंचायत हिनाहू, मुरस्सापुर, संग्रामपुर व कालाकांकर के ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी, सुरेश कुमार यादव, जोखू यादव व कुँवर मनीष कुमार सिंह को 3 फरवरी 23 को नमामि गंगे प्रोजेक्ट के लिए बुलंदशहर में प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें कुन्डा ब्लाक के गंगा किनारे बसे 14 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान भी शामिल है सभी ग्राम प्रधान 2 फरवरी दिन गुरुवार को बुलन्दशहर के लिए रवाना होंगे ।

चोरी का एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जनपद के थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 असलम खान मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/विवेचना के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 970/22 धारा 379 भादवि से संबंधित अभियुक्त बच्चा गुप्ता पुत्र शिवराम गुप्ता नि0 बेल्हा देवी मंदिर के पास सदर बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के एनसीसी गली से अभियोग से संबंधित चोरी का 01 मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गई।

दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जनपद के थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 श्री सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0 1085/2022 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506, 352 भादविए मु0अ0सं0 1024/2022 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506, 352 भादवि से संबंधित कुल दो वांछित अभियुक्त को थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के कटरा रोड पूरे वेदूआ के पास से गिरफ्तार किया गया।

आज सीएचसी मे लगेगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय सीएचसी परिसर मे आज दो फरवरी गुरूवार को प्रातः दस बजे से मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित बीमारियों का जिला मुख्यालय से मानसिक रोग विशेषज्ञो द्वारा निशुल्क इलाज किया जाएगा। उक्त जानकारी चिकित्साधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने दी है।

मोची का मोबाइल लेकर भागा युवक

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगज थाना क्षेत्र के परियावां मजरे सेख का पुरवा निवासी फूलचन्द पुत्र स्व0 प्रभु गौतम पाइकगंज बाजार निकट 35 सी रेलवे फाटक पर चप्पल जूते की सिलाई फुटपाथ पर कर रहा था कि उसी बीच थाना क्षेत्र के भददिव निवासी एक युवक सामने रखा टच मोबाइल को झप्पटा मारकर भाग निकला जिसका पीछा करते हुए शोर मचाया लेकिन पकड़ नही जा सका। मोबाइल के कवर में 2800 रुपया भी रखा था।

खबर संक्षेप

नए कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने किया कार्य भार ग्रहण

कल्याणपुर कौशांबी। संयुक्त जिला चिकित्सालय में विगत 6 वर्षो से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे दीपक सेठ जी 31 जनवरी 2023 को सेवा निवृत्त होने के बाद उनके स्थान पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला पैथोलॉजिस्ट कार्यवाहक के रूप में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर कार्य भार ग्रहण कर लिया है श्री शुक्ला ने कहा कि सभी डॉक्टर्स एवं अस्पताल के समस्त स्टाफ समय पर उपस्थित हो कर अपने अपने दायित्तो का निर्वहन ईमानदारी ,निष्ठा एवं लगन पूर्वक करे और आए हुए मरीजों की सेवा करें मरीजों के इलाज में लापरवाही और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर दोषी व्यक्ति के ऊपर कार्यवाही करने में कोई संकोच नहीं होगा उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि सरकार हम सभी को जनता की सेवा करने का अवसर दिए है।तो हमे अस्पताल में आए हुए मरीजों को जो जो भी सुविधाएं मिल पा रही है उसे देना चाहिए।इसके पहले डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला बहराइच में एमओ के पद पर कार्यरत रहे। सिद्धार्थ नगर में एमओआईसी बाराबंकी में पैथोलॉजिस्ट के पद पर कार्य करते हुए 26 अगस्त 2022 को कौशांबी के संयुक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी बने। डॉक्टर एसके शुक्ला जब से जिला चिकित्सालय में आए है ब्लड बैंक एवं पैथोलॉजी विभाग को बेहतर तरीके से किए है इनकी निष्ठा, ईमानदारी एवं कार्यशैली पर संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशांबी के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बनाए गए है।

भाजपा के पूर्व विधायक के कालेज में लाखों की चोरी

कालेज के ही इंटर के तीन छात्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार रुपया बरामद

गिरफ्तार स्कूली छात्र

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के चायल विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक संजय गुप्ता के कालेज में स्थित डायरेक्टर मैडम के आवास से आलमारी तोड़कर कालेज के तीन छात्रों ने एक लाख 14 हजार 4 सौ रुपए की चोरी कर ली।चोरी की सूचना पर सीओ सिराथू एसओजी टीम,फोरेंसिक टीम और सर्विलांस टीम के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।लगभग पांच घंटे की कड़ी मशक्कत और जांच के बाद चोरी करने वाले कालेज कैंपस में रहने वाले इंटर में पढ़ने वाले तीन छात्रों को चोरी के रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया। छात्रों ने अपने महंगे शौक को पूरा करने के लिए और अपने पुराने कर्ज को अदा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया था।वही छात्रों के अनुसार उन्हें स्कूल में चोरी करने के आरोप स्कूल से निकाल दिया गया था,जिसके बाद मैडम से बदला लेने और पुराने कर्ज को अदा करने के लिए उन्होंने चोरी की थी।कालेज की डायरेक्टर को तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों को अरेस्ट कर लिया गया है।सीओ सिराथू के जी सिंह ने बताया कि चोरी की घटना हुई थी,मामला दर्ज कर लिए गया है,घटना का सफल अनावरण कर लिया गया है,चोरी हुई पूरी रकम बरामद कर ली गई है,कालेज के ही तीन छात्रों को गिरफ्तार किया गया है, छात्र अपने महंगे शौक को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया था।सभी आरोपियों को लिखापढ़ी कर न्यायालय में पेश किया।

ताला लगे अस्पताल को चोरों ने फिर बनाया निशाना

अस्पताल के अंदर से हजारों रुपए का सामान चुरा ले गए चोर पुलिस पीटती रह गई लकीर

भरवारी कौशांबी। थाना कोखराज अंतर्गत चौकी पुलिस भरवारी के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के नंदीबाड़ी पब्लिक स्कूल के आगे असवा रोड पर धर्मेंद्र मौर्या का नया अस्पताल बना हुआ है जिसमे रेलवे के कर्मचारी उक्त अस्पताल में बतौर किराए पर रहते है चुकी रेलवे लाइन पर कार्य चल रहा है वही पर रेल लाइन पास होने की वजह से वही पर रेल्वे का समान सहित वह रहा करते है। कल रात्रि रेलवे का कार्य अत्यधिक होने की वजह से कोई भी कर्मचारी नही आया था जिसके चलते कल रात्रि उक्त अस्पताल में ताला लगा हुआ थावही चोरों को ताला लगा हुआ अस्पताल को खंगालने में बिना सोचे उसमे रखा एक बैटरा एक इन्वर्टर एक गैस सिलेंडर भगोने वा अन्य सामानों पर हाथ साफ कर भाग निकले। चोरों ने अस्पताल के अंदर घुसने के लिए दरवाजा की कुंडी तोड़कर ताला तोड़कर घुस कर चोरी की है सुबह होने पर गृह स्वामी धर्मेंद्र मौर्या आए तब जाकर जानकारी हुई ' मजेदार बात तो तब हुई जब चौकी प्रभारी को चोरी की घटना की जानकारी होने के बाबजूद काफी देर तक आना मुनासिब नहीं समझा ' इस बीच रेलवे के अधिकारियों को जानकारी होने पर मौके पर जाकर थाना कोखराज में रिपोर्ट लिखवाने गए ' अब सवाल उठता है की इससे पहले भी राकेश अरोड़ा के यहां से ताला तोड़कर लगभग दस लाख रुपए के जेवर वा नगदी पर चोरो ने हाथ साफ किया आज तक पुलिस चोरों तक नही पहुंच सकी उसके जिलाधिकारी के चालक दिलीप तिवारी के यहां से लाखो रुपए का समान फिर कल रात्रि सतीश केसरवानी के यहां रह रहे बैंक कर्मचारी हरिमोहन मीड़ा के यहां से लैपटाप सहित सामानों पर हाथ साफ कर दिया 'अब सवाल उठता है की पुलिस कब तक अपनी झूठी गस्त वा ड्यूटी पर मुस्तैदी की तारीफ कर पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी पीठ थपथपाती रहेगी ' या यह कहें की अभी और कितने घरों को चोरों के लिए चोरी करने के लिए ग्रीन सिग्नल देती रहेगी 'अब देखना यह है कि पुलिस अधीक्षक के निशाने पर चौकी इंचार्ज रहते है कि क्षमा के पात्र बनते है 'बैर हाल कस्बा भरवारी के व्यापारी भी गस्त न होने वा बार बार चोरी होने की घटना से डरे वा सहमे हुए है वही पुलिस अधीक्षक से सख्त कार्रवाई की मांग की हैं।

वैज्ञानिक सोच के साथ नवाचार को बढ़ाएं : सीडीओ

नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर वैज्ञानिक जिज्ञासा को उजागर अवश्य करें

प्रमाण पत्र वितरित करते मुख्य विकास अधिकारी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब कौशांबी द्वारा डायट मंझनपुर में जनपद स्तरीय बाल सृजनात्मक एवं नवप्रवर्तन दिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयोजित नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने अपने हुनर, खोज व शोध को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को अपनी वैज्ञानिक जिज्ञासा उजागर करने के लिए ऐसे कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच व तकनीक आवश्यक है। आगे कहा कि हमें नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए।वैज्ञानिक जिज्ञासा उजागर करने के लिए जनपद में प्रतिभा एवं पर्याप्त संसाधन हैं उन्हें अवसर मिलने से इनका विकास होगा।उन्होंने कहा कि हुनरमंद विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाकर आगे बढ़ना चाहिए। इसी क्रम में जिला विज्ञान क्लब समन्वयक वसीम अहमद ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा ग्रामीणों के नवाचार को जिला विज्ञान क्लब के माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है। ग्रामीण प्रतिभाओं को तकनीकी मदद प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ाना एवम् माध्यमिक स्तर के ग्रामीण विद्यार्थियों के हुनर, तकनीकी शोध को चिन्हित कर उन्हें बढ़ावा देना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि हमें अपने रचनात्मक कार्यों में वैज्ञानिक सोच विकसित कर नवाचार को बढ़ाना चाहिए। आगे कहा कि जुगाड़ की तकनीक से बनाए गए मॉडल देश की तरक्की में भागीदार बन सकते हैं। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आशीष श्रीवास्तव ने अपने वैज्ञानिक व्याख्यान में कहा कि हमारा जीवन यापन वैज्ञानिक तरीके से होना चाहिए एवं हमें अपने सभी कार्यों में निहित विज्ञान के सिद्धांतों को समझना चाहिए । हमारे परंपरागत कार्यों में नवाचार होना चाहिए। नवप्रवर्तन मॉडल प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग में साबिया अली अनवारूल हक सिद्दीकी गर्ल्स इंटर कॉलेज रसूलपुर टप्पा ने प्रथम, अनमोल पाल गंगा प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज कोखराज ने द्वितीय एवं रिया सिंह जनता इंटर कॉलेज पहाड़पुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में साक्षी दुबे आदर्श ग्राम सभा इंटर कॉलेज चरवा ने प्रथम, सक्षम साहू जय मां दुर्गे इंटर कॉलेज अमिरतापुर ने द्वितीय एवं आर्यन पांडेय धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयनित विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार के रुप में रुपए 2500 द्वितीय के रूप में रुपए 1500 एवं तृतीय पुरस्कार के रूप मे रुपए 1000 एवं रुपए 500 के तीन सांत्वना नकद पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र *मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा प्रदान किया गया। निर्णायक के रूप में राजकीय पॉलिटेक्निक टेवा के कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉक्टर रविंद्र कुमार, नवनीत कुमार राय, कृषि वैज्ञानिक डॉ आशीष श्रीवास्तव, डायट प्रवक्ता नरेंद्र कुमार रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन विज्ञान संचारक आयुष साहू ने किया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र, संदीप तिवारी, प्रताप सिंह, मोहम्मद शाहिदअली, जयशंकर, हरेंद्र कुमार, नितिन कुमार, अनिल कुमार, हबीब अहमद, विपिन कुमार, करुणा कुमारी संकल्प त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार आकांक्षा केसरवानी, मीनू बरनवाल, सत्येंद्र कुमार पाठक आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

नगर पंचायत चायल की व्यवस्था चौपट कर रहा शराबी सफाई नायक

चायल कौशांबी। नगर पंचायत चायल का सफाई नायक कस्बे में आकर सफाई कर्मियों को एकत्रित कर शराब पीता है शराब पीने के बाद नगर क्षेत्र की सफाई ठीक से नहीं की जाती है जिससे पूरा नगर क्षेत्र गंदगी से बजबाजा रहा है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं कीचड़ और गंदगी से नगरवासी परेशान हैं नगर के कई मोहल्ले में कीचड़ और गंदगी के चलते दुर्गंध उठ रही है शराबी सफाई नायक पर अभी तक अधिकारियों ने कार्यवाही नहीं की है सफाई नायक सफाई व्यवस्था चौपट कर रहा है वह अपने आप को नगर पंचायत का जिम्मेदार व्यक्ति बताता है और कहता है नगर पंचायत की सारी जिम्मेदारी मुझ पर है, जो नगर पंचायत कार्यालय का कर्ता धर्ता अपने को बता रहा है उसके कारनामे की शिकायत भी कोई करेगा तो उसे कोई फर्क नहीं पड़ता बात बात पर शराबी सफाई नायक नगर वासियों से झगड़ा लड़ाई पर आमदा हो जाता है नगर वासियों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सफाई नायक को बर्खास्त करने की मांग की है।

ट्रेन हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा के मजरा कूड़ापुर गांव निवासी एक युवक बुधवार की सुबह 6:30 बजे अमरूद की बाग की ओर जा रहा था रेलवे लाइन पार करते समय वह ट्रेन हादसे का शिकार हो गया है जिससे उसे गंभीर चोटें लगी घायल अवस्था में एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना बुधवार की सुबह 6:30 बजे बताई जाती है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा गांव के मजरा कूड़ा पुर निवासी शिबूकांत सोनकर उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र शिव अवतार सोनकर बुधवार की सुबह 6:30 बजे अमरूद के बाग की ओर जा रहे थे जैसे ही वह प्राइमरी स्कूल के पास रेलवे लाइन पार करने लगे तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे वह लाइन के किनारे गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए आसपास के लोगों को घटना की जानकारी मिली तो मामले की सूचना युवक के परिजनों के साथ-साथ पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है युवक की मौत होते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है।

इलाज के दौरान अधेड़ की मौत

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा गांव निवासी राम सजीवन उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र श्री राम को सीने में तेज दर्द की शिकायत पर परिजनों ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर बाद जिला अस्पताल में राम सजीवन की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया है।

न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

कौशांबी। वरिष्ठ अधिवक्ता कानून मंत्री और पूर्व महाधिवक्ता शशि भूषण की मौत की जानकारी मिलते ही कौशांबी जनपद के अधिवक्ताओं ने कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है अधिवक्ताओं ने बैठक कर शोक संवेदना व्यक्त कर 2 मिनट का मौन रखा है।

गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मौला लोधी पुत्र राम सिया निवासी अलवारा थाना महेवाघाट को नहर पुलिया ओसा के पास से 500 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

निरोधात्मक कार्यवाही में 08 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एंव अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना कौशाम्बी से एक थाना चरवा से एक थाना सैनी से पांच कुल आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम पर भाजपा नेता के बेटे ने किया हमला, सिपाही घायल

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में दो पक्षों में हो रहे विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर भाजपा नेता के बेटे ने हमला कर दिया,हमले में एक सिपाही के सर पर गंभीर चोट लग गई और वह घायल हो गया,घायल सिपाही का अस्पताल में इलाज चल रहा है,वही आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस जुटी हुई है। घटना क्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के करन चौराहा में फल की दुकान का बकाया उधारी रुपया मांगने में दो पक्षों में विवाद हो गया,विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर विवाद सुलझाने के दौरान भाजपा नेता के बेटे ने हमला कर दिया। हमले में एक सिपाही घायल हो गया,घायल सिपाही का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है,वही आरोपियों की धरपकड़ में पुलिस जुटी हुई है। सिराथू सीओ के जी सिंह ने बताया कि रूपयो के विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर हमला हुआ है,जिसमे एक सिपाही घायल हो गया है। उसका इलाज कराया जा रहा है,मामला दर्ज कर लिया गया है,आरोपियों को पकड़ लिया गया है। उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाई की जायेगी।

पुलिस पार्टी पर हमला करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी क्षेत्रान्तर्गत चौकी सिराथू में करनपुर चौराहे के पास ग्राम सौरई खुर्द में फल विक्रेताओं के साथ मारपीट विवाद होने के सूचना पर उपनिरीक्षक चन्दन सिंह प्रभारी चौकी सिराथू मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा तत्काल पहुंचकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दोनो पक्षों को मौके से हटाने का प्रयास किया गया परन्तु मौके पर रामू व जयप्रकाश पुत्रगण ओम प्रकाश पासी निवासी करनपुर थाना सैनी द्वारा कार्यसरकार में बाधा डालते हुए कांस्टेबल विकास कुमार चौकी सिराथू थाना सैनी के ऊपर अचानक प्रहार कर दिया, जिससे आरक्षी के सिर पर गम्भीर चोटे आ गयी। मौके पर थाना प्रभारी भुवनेश कुमार चौबे मय हमराह पुलिस द्वारा पहुँचकर शान्ति व्यवस्था कायम करते हुए घायल आरक्षी को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया तथा मौके से अभियुक्तों को गिरफ्तार कर निशादेही पर घटनास्थल करनपुर चौराहे के पास ही घटना में प्रयुक्त एक अदद राठ (लोहे की) को बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

दुर्दशा का शिकार सड़क से परेशान हैं राहगीर

गड्ढा मुक्त सड़कों का योगी सरकार के अभियान की धज्जियां उड़ा रहे लोक निर्माण विभाग के अधिकारी

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश बार-बार योगी सरकार दे रही है लेकिन जिले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के लापरवाही तानाशाही और कमीशन खोरी के चलते जिले की सड़कें गड्ढा मुक्त नहीं हो पा रही है जिसका खामियाजा आवागमन के दौरान आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है कभी अधिकारी और मंत्री का आगमन हुआ तो रातो रात सड़के बना दी जाती हैं जिससे अधिकारी और मंत्री को कौशांबी की दुर्दशा ग्रस्त सड़कों की जानकारी नहीं हो पाती है सड़क निर्माण मरम्मत के नाम पर लोक निर्माण विभाग में चल रहे कमीशन खोरी भ्रष्टाचार के मामले को सरकार को गंभीरता से लेकर जांच कराकर दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों को दंडित किए जाने की जरूरत है लेकिन अभी तक योगी सरकार ने

भी भ्रष्ट अधिकारियों के कारनामों को संज्ञान लेकर जांच कराकर उन्हें दंडित नहीं किया है लोक निर्माण विभाग में बड़े स्तर पर पनप रहे भ्रष्टाचार कमीशन खोरी को अभी तक जिलाधिकारी ने भी संज्ञान लेकर व्यवस्था सुधार करने का प्रयास नहीं किया है। चायल तहसील के नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरोलहा गांव की पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क कीचड़ों में तब्दील हो गयी है जिससे आवागमन के दौरान आम जनमानस को दिक्कतों से जूझना पड़ता है बरोलहा गांव की सड़क की दुर्दशा देखते हुए ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है ग्राम प्रधान की नाकामी के चलते कीचड़ में तब्दील हुई सड़क का दंश ग्रामवासी झेल रहे है। पीडब्ल्यूडी विभाग की यह सड़क चौराडीह से होकर बेनीराम कटरा मार्ग रामपुर गांव के पास मिलती है इसमें जगह-जगह गड्ढे हैं आवागमन में लोगों को दिक्कतो से जूझना पड़ता है कई बार ग्रामीणों ने सड़क की दुर्दशा के बारे में अधिकारियों से चर्चा की लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है इस सड़क पर पीडब्ल्यूडी विभाग की नजर नहीं पड़ रही है ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

गैंगस्टर के आरोपी कथित पूर्व चेयरमैन ने अदालत में किया सरेंडर, भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में गोकसी के मामले वांछित चल रहे कथित पूर्व चेयरमैन एवम बसपा नेता महताब आलम ने मंगलवार को गैंगस्टर कोर्ट मे सरेंडर कर दिया,गैंगस्टर कोर्ट ने बसपा नेता को हिरासत में लेकर सुनवाई करने के बाद जेल भेज दिया। विगत 08 जून 2021 को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से गोमांस बरामद किया था,आरोप था कि आरोपी कार में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गोमांस तस्करी करने का काम करते थे। मंझनपुर थाना के थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा के मुताबिक प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के इमामगंज गांव के रहने वाले अतीक अहमद मंझनपुर के रहने वाले महताब आलम के साथ मिलकर एक गैंग बनाकर गोमांस की तस्करी करते है। गोमांस तस्कर गैंग का लीडर अतीक अहमद है। जिसके सक्रिय सदस्य बसपा नेता महताब आलम, अनवर हुसैन,लल्लू उर्फ रईस अहमद, वैस अहमद और इमरान भौतिक,आर्थिक व दुनियाबी लाभ के लिए गोमांस की तस्करी करते है। इनके खिलाफ 8 जून 2021 को मंझनपुर थाना में मुकदमा अपराध संख्या 306/21 धारा 419, 420, 467,468, 471 व 3/5/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज है। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह अभी भी सक्रिय है और इनका भय समाज मे व्याप्त है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने गिरोह के गैग लीडर अतीक अहमद बसपा नेता महताब आलम, अनवर हुसैन,लल्लू उर्फ रईस अहमद, वैस अहमद और इमरान के खिलाफ 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज बिरोध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया था। जिसमे मंगलवार को महताब आलम ने गैंगेस्टर कोर्ट में सरेंडर किया। जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

न्यूज झरोखा

डोर टू डोर पूरा कलेक्शन जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

2 महीने चलाया जाएगा जागरूकता अभियान 10 बजे तक कूड़ा उठाएंगे सफाई कर्मी

अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह व हितेश श्रीवास्तव जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन की उपस्थिति में 10 बजे तक डोर टू डोर कूड़ा उठाए जाने का अभियान चलाए जाने हेतु हरीझंडी दिखाकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत अझुवा के समस्त सफाई कर्मचारी मौजूद रहे अधिशासी अधिकारी अझुवा ने बताया ये अभियान 1 फरवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक चलाया जा रहा है वैसे तो नगर पंचायत के वार्डों में सफाई कर्मी समय से कूड़ा उठा लेते हैं अब सफाईकर्मी 10 बजे तक हर घर गीला सूखा कूड़ा वर्दी व सीटी बजाकर उठाने पहुंचेंगे और नगर वासियों को जागरूक करेंगे कि सूखा और गीला कचड़ा 10 बजे तक दें। इस रैली में नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी सफाईकर्मी मौजूद रहे।

कौशाम्बी में पत्रकार संघ की बैठक संपन्न

कोखराज कौशाम्बी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पत्रकार संघ की बैनर तले बैठक सम्पन्न हुई जिसमें जिले के प्रधान संपादक लकी तिवारी ने पत्रकारों के बीच कहा कि चैनल कोई भी हो प्रिंट या मीडिया अगर किसी के ऊपर किसी तरह की समस्या आती है तो हमारा भ्रष्टाचार न्यूज लाइव चैनल अपने सभी सहयोगियों के साथ संघर्ष के लिए सदैव तैयार रहेगा और संगठन को मजबूत करने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार आपस मे साथ मिलकर रहे एक दूसरे को नीचा दिखाने का कार्य ना करे बैठक में अनिल कुमार सत्यमकुमार संजीव कुमार, मोहम्मद यासीन, कमल कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, मोहम्मद शाहिद, राकेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

कौशाम्बी जिला जेल अधीक्षक राकेश सिंह हुए सेवा निर्वित्त, सम्मान समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

कौशाम्बी। जिला जेल अधीक्षक राकेश सिंह मंगलवार को सेवानिर्वित्त हो गए,जेल अधीक्षक का विदाई सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हे भावभीनी विदाई दी गई।जेल डी आईजी ने जेल अधीक्षक को पुष्प गुच्छ भेंटकर उन्हे विदाई दी। इस दौरान विदाई समारोह में जेल डीआईजी शैलेन्द्र कुमार, डिप्टी जेलर राजेश कुमार, मुन्ना लाल,देवी अवस्थी,जेलर भूपेश कुमार समाज सेवी डॉ पीके सिंह ,अजीजुल हसन,बब्लू, मो0 यासीन,दुर्गेश, शाह आलम व जेल के तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक दीपक सेठ हुए सेवानिवृत्त

कल्याणपुर कौशांबी। संयुक्त जिला चिकित्सालय में सन 2017 से 31 जनवरी 2023 तक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात मुख्य चिकित्सा अधीक्षक दीपक सेठ 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए हैं उनके सेवानिवृत्त होने के बाद उनके सम्मान में जिला अस्पताल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें माल्यार्पण कर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक दीपक सेठ का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं सभी डॉक्टरों एवं कर्मचारियों से कहना चाहूंगा कि हिंदुस्तान की जनता ही सरकार बनाती है और हम सभी को उस जनता की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। जनता की सेवा निःस्वार्थ भाव से कीजिएगा। डॉक्टर दीपक सेठ एक एमडी कार्डियोलॉजी भी है।सेवा निवृत्त सम्मान समारोह का संचालन मोतीलाल सिंह ने किए तथा सम्मान समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुषेंद्र कुमार सयुंक्त जिला चिकित्सालय के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुनील कुमार शुक्ला,डॉक्टर सुरभि प्रकाश,डॉक्टर अलका सागर नथन पटेल एवं जिला चिकित्सालय के सभी डॉक्टर्स ,फार्मासिस्ट स्टाफ नर्सेज एवं सभी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

बढ़ाई गई ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि

कौशाम्बी। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय अरूण कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रगति पर है ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 08 फरवरी 2023 तक बढ़ा दी गई। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट ँ३३स्र२://ल्लं५ङ्गिँ.ङ्ग५.ल्ल ङ्ग१ ँ३३स्र://ूँ३२.१ू.ँङ्ग५.ल्ल/ल्ल५२पर जाकर निःशुल्क आवेदन कर सकतें हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा-6वीं में प्रवेश परीक्षा (सत्र 2023-24) के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये गए है। इसमें वर्तमान सत्र 2022-23 में कक्षा 5वीं में जनपद कौशाम्बी के स्थायी निवासी तथा जनपद कौशाम्बी में अध्ययनरत छात्र-छात्रायें जिनका जन्म 01.05.2011 और 30.04.2013 (दोनो तिथियाँ सम्मिलित हैं) के बीच हुआ हो, वे ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकतें हैं। आवेदप प्रारम्भ होने की तिथि 01 जनवरी 2023 तथा अन्तिम तिथि 08 फरवरी 2023 है, प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल 2023 को होगी।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 135 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

संपादकीय

अर्थव्यवस्था के सामने बड़ा खतरा

देश के सबसे बड़े उद्योग समूहों में से एक अडाणी समूह के बारे में पिछले दिनों एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने कहा कि उसकी दो साल की जांच में पता चला है कि 'अडाणी समूह दशकों से 17.8 ट्रिलियन रुपयों के स्टॉक के हेरफेर और लेखा की धोखाधड़ी में शामिल था।' इसे सरल शब्दों में कहें तो हिंडनबर्ग का आरोप है कि अडाणी समूह ने अपनी कई कंपनियों के हिसाब-किताब को छिपाया है, उनमें हेरफेर की है, ताकि जमकर मुनाफा कमा सके। फर्म ने ये भी बताया है कि इस ग्रुप ने कई शैल कंपनियों के जरिए भी गड़बड़ियां की हैं। इस रिपोर्ट के आते ही भारतीय शेयर बाजार में उथल-पुथल मच गई है। रिपोर्ट के आने के बाद से भारतीय शेयर बाजारों ने अभी तक दो सत्रों में कारोबार किया है, जिसमें अडाणी समूह के शेयर 22 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। करीब 11 अरब डॉलर का नुकसान समूह को हुआ है। गौतम अडाणी की खुद की संपत्ति में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिसके चलते वह अमीरों की सूची में सातवें नम्बर पर पहुंच चुके हैं। हालांकि समुद्र से दो लोटा पानी निकल जाए, तो उसे घाटा नहीं कहते। लेकिन जो लोग बूंद-बूंद घड़ा भरते हैं, उनके लिए दो-चार बूंदों का छलक जाना भी बड़ा नुकसान होता है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद शेयर बाजार के निवेशकों को भी बड़ा झटका लगा है। अर्थव्यवस्था में पहले ही उथल-पुथल मची हुई है। सरकार ने नोटबंदी और जीएसटी के बाद जिस तेजी से निजीकरण को बढ़ावा दिया है, उसके बाद आम आदमी अपनी जमा-पूंजी को लेकर सशंकित ही रहता है। नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या के भगोड़ा प्रकरणों के कारण आर्थिक हेराफेरी करने वाले रसूखदार लोगों पर कानूनी शिकंजे को लेकर भी निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता, क्योंकि ये सारे लोग इस देश के बैंकों से हजारों करोड़ लूटकर आराम से विदेश चले गए और जनता अपने पैसों को बट्टा खाते की भेंट चढ़ते देखते रह गई। इस माहौल में अगर एक और वित्तीय घोटाले के आरोप सामने आए हैं, तो घबराहट का माहौल बनना स्वाभाविक है। आमतौर पर ऐसे हालात में सरकार खुद सामने आकर जनता को दिलासा देती है कि उसे घबराने की कोई जरूरत नहीं। लेकिन अभी तो सरकार की चुप्पी टूटने का ही इंतजार हो रहा है। वैसे अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग फर्म के सारे आरोपों को खारिज किया है और उसे कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। लेकिन हिंडनबर्ग ने कानूनी कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा है कि हम अपनी रिपोर्ट पर पूरी तरह से कायम हैं, और हमारे खिलाफ उठाए गए कानूनी कदम आधारहीन होंगे। जिस रिसर्च को अडाणी समूह ने खारिज किया है, उस पर फर्म का कहना है कि अडाणी ने हमारी 106 पन्नों की, 32 हजार शब्दों की और 720 से ज्यादा उदाहरण के साथ दो सालों में तैयार की गई रिपोर्ट को 'बिना रिसर्च का' बताया है। हिंडनबर्ग फर्म का कहना है कि हमारी रिसर्च के आखिरी में जो 88 सवाल हैं, अडाणी समूह के पास मौका है, कि उनका जवाब देकर खुद को निर्दोष साबित कर दे। उसका कहना है कि अगर अडाणी समूह गंभीर है, तो उसे अमेरिका में भी मुकदमा दायर करना चाहिए जहां हम काम करते हैं।

करिश्माई राहुल का संदेश

7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से पैदल चलते हुए 29 जनवरी, 2023 को श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक असंभव लगने वाले काम को संभव कर दिखाया। इसके अगले दिन 30 जनवरी को श्रीनगर में ही कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तिरंगा फहराया और इसके साथ ही 5 महीनों से चली आ रही 'भारत जोड़ो यात्रा' का पहला चरण समाप्त हो गया। बताया जा रहा है कि जल्द ही पश्चिम से पूरब तक एक और यात्रा इसी तरह निकाली जाएगी। तब यह भारत जोड़ने का दूसरा चरण कहलाएगा। राहुल गांधी यह असंभव काम भी हकीकत में बदल देते हैं, तो वे देश के एकमात्र ऐसे जननेता होंगे, जो देश की चारों दिशाओं को पैदल नापने का कारनामा करेंगे। बहरहाल, अब भी जो काम उन्होंने किया है, वह किसी करिश्मे से कम नहीं है। हालांकि उनमें विनम्रता इतनी है कि वे इस अद्भुत काम को ऐसी तपस्या बताते हैं, जो इस देश के लाखों मजदूर-किसान रोजाना करते हैं। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी की हकीकत को लोगों ने पहचाना है। गांधी परिवार से नफरत करने वाले लोगों ने उनकी छवि खराब करने में हजारों-करोड़ खर्च कर दिए। इस यात्रा के दौरान भी न जाने कितनी बार उन पर अशोभनीय टिप्पणियां की गईं। उनकी टी शर्ट के नीचे झांकने की निर्लज्ज राजनीति भी आखिरी दिनों तक चलती रही। मगर सोशल मीडिया के जरिए की गई इन तमाम कोशिशों पर सड़क पर नजर आ रही हकीकत ने पानी फेर दिया। जिस इंसान को शहजादा, पप्पू, विरासत में मिली सत्ता का लाभ उठाने वाला बाबा राहुल कहा गया, उस राहुल गांधी को इस देश के लोगों ने बरसते पानी, तपती धूप, ठिठुराती ठंड और बर्फबारी के बीच चेहरे पर मुस्कुराहट लिए पैदल चलते लोगों ने देखा। सहजता के साथ इस देश के आम लोगों से मिलते देखा। उनकी दुख-तकलीफों पर बात करते, उनकी मुश्किलों को सुनते-समझते देखा। और सबसे बड़ी बात ये कि यह सब चुनावी रणनीति का हिस्सा नहीं था, क्योंकि पूरी यात्रा में राहुल गांधी कांग्रेस से ऊपर उठकर लोगों की बात करते रहे। मन की बात हर महीने सुनने वाले लोगों ने जन की बात करने वाले नेता को देखा। अगर यह चुनावी फायदे के लिए किए जा रहे प्रचार का हिस्सा होता, तो दो-चार दिन में इस की पोल खुल जाती और लोग इस यात्रा से छिटकने लगते। मगर पूरे 4080 किमी की यात्रा में जिन 14 राज्यों से राहुल गांधी का कारवां गुजरा, हर जगह एक जैसी भीड़, एक जैसा जोश नजर आया। इससे पता चलता है कि इस यात्रा का सबसे बड़ा हासिल देश में एक जननेता का उभरना है, जो लोगों को अपना सा लगता है, जिसे लोग अपना मानते हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा के निहितार्थ

ललित गर्ग

श्रीनगर के लाल चौक पर कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भव्य समापन निश्चित ही कांग्रेस को नवजीवन देने का माध्यम बना है, इससे राहुल गांधी की छवि एकदम नये अन्दाज में उभर कर सामने आयी है और एक सकारात्मक राजनीति की पहल हुई है। वैसे भी भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क का सशक्त माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। जैन मुनियों की पदयात्राओं का लम्बा इतिहास है। वर्ष में प्रायः आठ महीने वे पदयात्रा करते हैं, जैन आचार्य श्री महाश्रमण ने भी तीन पडोसी देशों सहित सम्पूर्ण भारत की अहिंसा यात्रा की। इन यात्राओं की श्रृंखला में राजनीति उद्देश्यों के लिये राहुल गांधी की यात्रा ने नये स्तस्तिक उकेरे हैं। भले ही अनेक मोर्चों पर राहुल की यह यात्रा विवादास्पद बनी, आलोचनाओं की शिकार हुई। लेकिन इस सब स्थितियों के बावजूद राहुल गांधी ने राजनीतिक पटल पर वो कारनामा कर ही दिखाया जिसकी उम्मीद उनके विपक्षी तो दूर की बात, अपने भी नहीं करते थे।

इस भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने एक इतिहास गढ़ा है, कन्याकुमारी से कश्मीर तक 147 दिन की भारत जोड़ो यात्रा पूरी कर राहुल अपने राजनीतिक विरोधियों के साथ-साथ अपनों को भी एक संदेश देने में कामयाब रहे हैं। संदेश यह कि धीरे-धीरे ही सही उन्होंने अपनी अपरिपक्व राजनेता की छवि में बदलाव लाने का प्रयास किया है। यह बदलाव उन्हें गंभीर, अनुभवी एवं राजनीतिक कौशल में दक्ष नेताओं की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि यानी शहीद दिवस पर यात्रा के समापन पर कुछ बड़ी अटपटी एवं राजनीतिक बातें कहकर नई बहस छेड़ दी है। राष्ट्रध्वज फहराने के बाद जम्मू-कश्मीर में कानून एवं व्यवस्था को लेकर जो प्रश्न उठाए, वे इसलिए हास्यास्पद लगे कि स्थितियां अच्छी नहीं होतीं तो क्या वे वहां पर तिरंगा फहरा सकते थे? सुरक्षा एवं व्यवस्था के हालात अच्छे बने हैं तभी उनकी यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो पायी। इसके लिये उन्हें सरकार का आभार जताना चाहिए न कि आलोचना की जाये। उन्होंने अपनी इस यात्रा को न तो अपने लिए बताया और न ही कांग्रेस पार्टी के लिए। बल्कि कहा कि यह यात्रा देश के लिए थी। राजनेताओं द्वारा देश एवं देश की जनता के नाम पर ऐसे प्रपंच होते रहे हैं। यह सर्वविदित है कि कांग्रेस की लगातार निस्तेज होती छवि एवं स्थिति में प्राण फूंकने, उम्मीद जगाने एवं जोश भरने के लिये एक ऐसी यात्रा या ऐसे बड़े उपक्रम की जरूरत थी, उस उद्देश्य को पूरा करने एवं लक्ष्य हासिल करने में यात्रा सफल रही है। जिसने भी इस तरह की यात्रा की सलाह दी, वह अवश्य ही राजनीति का अनुभवी व्यक्ति रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का साहसिक फैसला लेने के बाद ऐसे अनेक कदम उठाए गए, जिनसे आतंकियों और अलगाववादियों के दुस्साहस का दमन हुआ। घाटी में शांति एवं अमन कायम करने में भाजपा के प्रयत्नों की सराहना भले ही वे राजनीतिक कारणों से न कर पाये, लेकिन ऐसे अवसर सुरक्षा एवं व्यवस्था जैसे प्रश्नों को उठाना उचित नहीं था। घाटी के बदले हुए वातावरण के कारण ही कांग्रेस कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा कर सकी। यदि हालात बेहतर नहीं होते तो संभवतः वहां भारत जोड़ो यात्रा प्रतीकात्मक रूप से ही हो पाती। शहरों, देहातों, खेड़ों और ग्रामीण अंचलों में जाकर सामूहिक एवं व्यक्तिगत जनसम्पर्क करते हुए राहुल गांधी ने कांग्रेस के राष्ट्र-निर्माण में योगदान के इतिहास को जीवंत किया है। उन्होंने अनेक प्रभावी प्रतीकों एवं बयानों से नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार पर हमले भी किये हैं। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि अब तक के अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस को आज एक करिश्माई नेता की जरूरत है, जो मोदी जैसे सशक्त नेता एवं भाजपा जैसी सुदृढ़ पार्टी का मुकाबला कर सके। स्वयं को देश का नेतृत्व करने में सक्षम साबित कर सके। राहुल गांधी की पप्पू छवि के कारण ऐसा दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहा था, लेकिन अब राहुल भले ही पूरी तरह नहीं, पर आंशिक रूप में मोदी को चुनौती देने वाले नेता के रूप में उभरे है। इसे लोकतंत्र के लिये एक शुभ घटना के रूप में देखा जाना चाहिए। राहुल की इस यात्रा से पार्टी को कितना और खुद राहुल को कितना फायदा होगा यह भविष्य ही बताएगा। श्रीनगर एवं देश के अन्य हिस्सों में भी इस यात्रा के माध्यम से विपक्षी दलों की एकता के व्यापक प्रयत्न हुए, लेकिन उनमें अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। श्रीनगर में भी मौसम की खराबी के कारण विपक्ष का कोई बड़ा नेता नहीं पहुंच सका। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से यह प्रभावी तरीके से उद्घाटित हुआ कि राहुल गांधी ही कांग्रेस के सर्वोच्च नेता हैं।

> पार्टी के भीतर उफने विद्रोह की लौ को शांत करने के लिये भी यह यात्रा निकाली गयी हो, इसके कोई सन्देह नहीं है। अपनी नयी छवि एवं ऊजार्शील बने राहुल अब विपक्षी एकता को लेकर क्या कदम उठाते हैं, पार्टी के भीतरी कलह को कितना शांत कर पाते है, भाजपा को भी ऐसी यात्रा निकालने जैसी कितनी चुनौतियां वे दे पाते हैं, भाजपा के विरोध में खड़े दल क्या राहुल के नेतृत्व में एकजुट हो पायेंगे, ये सब देखना दिलचस्प रहेगा

पार्टी के भीतर उफने विद्रोह की लौ को शांत करने के लिये भी यह यात्रा निकाली गयी हो, इसके कोई सन्देह नहीं है। अपनी नयी छवि एवं ऊजार्शील बने राहुल अब विपक्षी एकता को लेकर क्या कदम उठाते हैं, पार्टी के भीतरी कलह को कितना शांत कर पाते है, भाजपा को भी ऐसी यात्रा निकालने जैसी कितनी चुनौतियां वे दे पाते हैं, भाजपा के विरोध में खड़े दल क्या राहुल के नेतृत्व में एकजुट हो पायेंगे, ये सब देखना दिलचस्प रहेगा। राहुल को अपने विरोधाभासी बयानों से बचना होगा। अभी तक वे बहुत सशक्त रूप में यात्रा का उद्देश्य भी नहीं बता पाये हैं। कहने को तो भारत जोड़ो यात्रा देश में नफरत के वातावरण को दूर करने के लिए की गई, लेकिन जब यह यात्रा दिल्ली आई तो स्वयं राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने करीब 2800 किलोमीटर की अपनी यात्रा में कहीं पर भी नफरत नहीं देखी। क्या इसका यह अर्थ नहीं कि देश में नफरत फैलने का निराधार शोर मचाया जा रहा था?

घाटी में अशांति एवं अव्यवस्था का राग अलापा जा रहा है। इस तरह अनेक मोर्चों पर राहुल गांधी खुद ही भाजपा की उपलब्धियों के कसीदें काढ़ते दिखे। चाहे देश नफरत का न होना हो या कश्मीर में शांति व्यवस्था का बने होना हो। निस्संदेह, हर पदयात्रा के राजनीतिक निहितार्थ होते हैं। महात्मा गांधी ने दांडी यात्रा की शुरूआत ऐसे वक्त में की थी जब देश को आजादी के लिये जोड़ने एवं कांग्रेस में स्फूर्ति लाने की महती आवश्यकता थी। वहीं चंद्रशेखर भी पार्टी के आंतरिक राजनीतिक हालात से क्षुब्ध थे। लालकृष्ण आडवानी ने हिन्दुत्व को मजबूती देने के लिये यात्रा की। उन यात्राओं ने देश का मिजाज बदलने में अपना योगदान दिया था और आज भी उन यात्राओं को याद किया जाता है। क्या राहुल गांधी की यात्रा को भी याद किया जाएगा? क्या कमोबेश कांग्रेस पार्टी अपने संक्रमणकाल से उभर पायेगी? नेतृत्व के प्रश्न पर भी कोई उजाला होगा? क्या लगातार निस्तेज होती पार्टी में प्राण-संचार हो पायेगा? इन जटिल से जटिलतर स्थितियों से उबरने में इस यात्रा ने अच्छी भूमिका निभाई है, लेकिन उसका असर एवं प्रभाव देखना बाकी है। एक बड़ा लक्ष्य कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एकजुट करने का भी है। लेकिन एक बड़ा प्रश्न है कि क्या इस यात्रा के माध्यम से देश की जनता को आकर्षित करने एवं उनकी समस्याओं के समाधान करने वाला कोई विमर्श खड़ा करने की भूमिका तैयार हुई है? राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, एक महत्वाकांक्षी राजनीतिक परियोजना थी, इससे एक नेता के रूप में उनकी स्वीकार्यता को सुनिश्चित किया गया है।

पाक की आर्थिक गिरावट लंबी उपेक्षा की पराकाष्ठा

सुशील कुट्टी

कुल मिलाकर समय पाकिस्तान के पक्ष में नहीं है। बाढ़ ने पाकिस्तान को कमजोर कर दिया है। बच्चे विशेष रूप से घोर कष्ट में हैं। अल्लाह एक मजबूत हस्तक्षेप करेगा और करना भी चाहिए। पाकिस्तान को अपने छोटे से जीवन में पहले से कहीं अधिक मदद की जरूरत है। तानाशाह जिया उल हक ने एक बार कहा था 'हम घास खायेंगे लेकिन परमाणु बम बनायेंगे!' आज हालात यहां तक आ गये हैं कि पाकिस्तानियों के पास घास ही रह जायेगी।

बाढ़ से तबाह, आर्थिक रूप से दिवालिया, और राजनीतिक रूप से खोखला। पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार को बलि का बकरा मिल गया है। सर्वशक्तिमान ईश्वर! डार ने अपना पिंड छुड़ाते हुए कहा- क्योंकि अल्लाह ने पाकिस्तान बनाया है, अल्लाह को ही पाकिस्तान को इस गड्ढे से बाहर निकालना होगा, इसे समृद्ध बनाना होगा और इसे विकसित करने में मदद करनी होगी। वाघा के पार यह एक आम धारणा है कि पाकिस्तान की 'समृद्धि' और 'विकास' अल्लाह की जिम्मेदारी है। फिर यह केवल सोचने की बात है कि पाकिस्तान कुल मिलाकर नशा न करने के लिए तथा नशा न करने वालों का देश है। फिर भी, हर कोई इस तर्क को नहीं मानता। इशाक डार के इस तरह के बयान का आम पाकिस्तानी जनमानस में कोई महत्व नहीं है। इसके विपरीत इशाक डार के इस सुझाव की घोर आलोचना हो रही है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान उस गड्ढे में है जिसे पाकिस्तान ने खुद खोदा है। इशाक डार के लिए सब कुछ अल्लाह पर छोड़ देना उपहास और तिरस्कार दोनों को आमंत्रित करना है। मनुष्य की मूर्खता और आसक्ति के लिए अल्लाह को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, और उनमें से एक है पाकिस्तान की स्थायी रूप से ऋ णग्रस्तता।ी में डूबा है। ऐतिहासिक रूप से, हर राजनीतिक रंग के पाकिस्तानी वित्तमंत्री बड़े पैमाने पर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का सूक्ष्म कुप्रबंधन करने में सफल रहे हैं। लेकिन अल्लाह को जिम्मेदार ठहराते हुए डार और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ क्रिकेटर इमरान खान की नो बॉल और वाइड बॉल वाली सरकार को नहीं भूले हैं। जैसा कि कहा गया, 'भगवान तो बहाना है, इमरान खान निशाना है'। मीडिया द्वारा पेश किये जा रहे वर्णनों के अनुसार, इमरान खान को पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और राजनीति को प्रभावित करने वाली सभी बुराइयों के लिए दोषी ठहराया जा रहा है। शरीफ ने ये आरोप उस दिन लगाये जब पाकिस्तानी रुपये ने एक नयी अधोगति को छुआः प्रति डॉलर के 262 रुपये। सही मायने में शरीफ और डार के पास अब बलि का बकरे भी खत्म हो रहे हैं। आर्थिक संकट गहराता ही जा रहा है। बदनाम सरकार के पास आर्थिक पुनरुद्धार की कोई योजना नहीं है। प्रधानमंत्री ने यह कहना चुना कि पीटीआई सरकार के कुप्रबंधन और खान की अक्षमता के कारण पाइप लाइन में विभिन्न विकास परियोजनाएं रुकी हुई हैं। सच तो यह है कि पाकिस्तान सरकार पूरी तरह अंजान है। हालात ऐसे कैसे हो गये, सरकार जानती है। गड़बड़ी से कैसे बाहर निकलना शरीफ एंड कंपनी के दिमाग से ही बाहर का क्षेत्र है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हाल ही में सऊदी अरब और अन्य देशों में आपातकालीन वित्तीय सहायता की मांग करने वाले नव-स्थापित पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर से जुड़ गये हैं। लेकिन चीजें वैसी नहीं हुईं जैसी दोनों चाहते थे। फिर डार को जीवन बचाने वाली पहेली बनानी पड़ी 'सर्वशक्तिमान अल्लाह पाकिस्तान की समृद्धि और विकास के लिए जिम्मेदार है।' शरीफ अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष से अंतिम समय में राहत पर निर्भर हैं। यदि आईएमएफ उसकी सहायता के लिए आगे आता है, तो अन्य ऋणदाता भी आगे बढ़ेंगे। आईएमएफ की एक टीम के शीघ्र ही पाकिस्तान पहुंचने की उम्मीद है। पाकिस्तान को तत्काल बेलआउट की जरूरत है। विदेशी मुद्रा भंडार संकट खतरनाक स्थिति में आ गई है।

जो कुछ बचा है वह-4 बिलियन है जो एक महीने तक नहीं चलेगा। आयात ठप हो जायेगा। लोगों के पास 'रोटी' का 'आटा' नहीं है। एके-47 के पहरे के तहत दुर्लभ बोरे गेहूं के आटे का वितरण किया जा रहा है। कीमतें आसमान पर हैं। क्या अल्लाह महंगाई को काबू में कर सकता है? अभी पाकिस्तान में गृहयुद्ध के हालात हैं। राजनीतिक रूप से भी पाकिस्तान कमजोर है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की एक नजर आर्थिक राहत के लिए जीसीसी देशों पर है और दूसरी नजर आंतरिक राजनीतिक स्थिति पर है। सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, उनकी गठबंधन सरकार घेरे में है। इमरान खान के रुकी हुई परियोजनाओं को दोष देना ही एकमात्र सहारा बचा है। शरीफ चीन से बिगड़ते संबंधों के लिए इमरान खान की पीटीआई को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। शहबाज शरीफ के लिए, इमरान खान चीन के साथ हाल के सभी मतभेदों की जड़ में हैं। पाकिस्तान भारत से क्या चाहता है, इस पर शहबाज की उलझन बता रही है। उसमें हताशा है। इस महीने की शुरूआत में, शहबाज शरीफ ने एक अरबी मीडिया मंच से कहा था कि 'पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्धों से अपना सबक सीखा है'। वह कबूलनामा एक घंटे तक चला; फिर यह कश्मीर वापस आ गया था! भारत सरकार ने भारत में एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो दोनों को आमंत्रित किया है, लेकिन दोनों इस तरह से विरोध कर रहे हैं जैसे कि उनके पास यात्रा के लिए नवीनतम फैशन वाले पठानी सूट नहीं है। निश्चित रूप से, अगर ये दोनों आगे आते हैं, तो भारत-पाक के मुद्दे एससीओ को हाईजैक कर लेंगे। लेकिन फिर, यह भी हो सकता है कि दोनों घर के हालात को लेकर परेशान हों। अफगानिस्तानी तालिबान अपना वजन बढ़ा रहे हैं और बलूचिस्तान में विद्रोही पाकिस्तानी सेना के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। इसके अलावा, पीओके है, जो अशांत है और स्थिति में बदलाव के लिए भारत की ओर देख रहा है। कुल मिलाकर समय पाकिस्तान के पक्ष में नहीं है। बाढ़ ने पाकिस्तान को कमजोर कर दिया है। बच्चे विशेष रूप से घोर कष्ट में हैं। अल्लाह एक मजबूत हस्तक्षेप करेगा और करना भी चाहिए। पाकिस्तान को अपने छोटे से जीवन में पहले से कहीं अधिक मदद की जरूरत है। तानाशाह जिया उल हक ने एक बार कहा था 'हम घास खायेंगे लेकिन परमाणु बम बनायेंगे!' आज हालात यहां तक आ गये हैं कि पाकिस्तानियों के पास घास ही रह जायेगी। शायद भारत फायदा उठा सकता है और ईश्वर प्रदत्त भूमिका निभा सकता है, कम से कम कोशिश तो करे ही। हमारे प्रधानमंत्री विश्वगुरु बनना चाहते हैं और यह उनकी परीक्षा की घड़ी है। यह नहीं हो सकता कि आप अपना पेट पूरा भरें और पड़ोसी के बच्चे भूखे पेट रहें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सहायता करने की दैवी भूमिका निभाने का इससे बेहतर मौका कभी नहीं मिलेगा!

भारत जोड़ो यात्रा और बीबीसी के वृतचित्र

अरूण कांत शुक्ला

संपूर्ण यात्रा के दौरान और अब उसके समापन पर राहुल गांधी के व्यक्तित्व में आये परिवर्तन उन सबने महसूस तो किये ही हैं जो यात्रा पर थोड़ी भी नजर रख रहे थे। उनके अंदर की विनम्रता बाहर आई है, उन्हें अपने वक्तव्यों पर और अधिक नियंत्रण हासिल हुआ है और वे एक मोहब्बत से भरे ऐसे इंसान के रूप में खुद को पेश कर सके हैं जो हंसता है, गले मिलता है और जन से जुड़ने की इच्छा रखता है। राहुल गांधी की 7 सितम्बर को कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई भारत जोड़ो यात्रा श्रीनगर में कांग्रेस कार्यालय के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ समाप्त हो गयी है। यात्रा राहुल गांधी ने अपने दिवंगत पिता राजीव गांधी, स्वामी विवेकानंद और तमिल कवि तिरुवल्लुवर को श्रद्धांजलि देने के बाद शुरू की थी। यात्रा के शुरू होने के साथ ही प्रथम आक्रमण उनकी अमेठी की प्रतिद्वंदी स्मृति ईरानी के आक्रमण के साथ हुआ था। जो बाद में हमेशा की तरह स्मृति ईरानी का बड़बोलापन ही निकला। उसके बाद तो वे सारे आक्रमण हुए, जिनका उल्लेख करना यहां मेरा मकसद कतई नहीं है। जब यह यात्रा समाप्त हो गई है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि राहुल गांधी की जो छवि, जैसे भी, निर्मित की गयी थी अथवा बन गयी थी, उसमें एक जबरदस्त सकारात्मक परिवर्तन दिखाई पड़ रहा है। सफेद टी शर्ट और दाढ़ी वाली यात्रा कर रहे राहुल गांधी, उस राहुल गांधी से नितांत अलग दिख रहे हैं, जिनके बारे में सुना जाता था कि वे कांग्रेस अध्यक्ष होते हुए भी या लोकसभा का सत्र चलने के दौरान भी अचानक छुट्टियां मनाने बीच-बीच में जाने कहां विदेश चले जाते हैं। भारत जोड़ो यात्रा का समापन एक ऐसे समय में हुआ है जो प्रधानमंत्री मोदी के लिये सहज नहीं है। बीबीसी के उस वृत्त चित्र का दूसरा भाग भी यूनाईटेड किंगडम में रिलीज हो चुका है जो भारत सरकार ने देश में प्रतिबंधित कर रखी है और जिसका प्रदर्शन अनेक जगह करने के जुर्म में पुलिस विश्वविद्यालयों सहित अनेक जगह छात्रों तथा नागरिकों की धरपकड़ में जुटी है।

हालांकि, जैसा कि मीडिया या जानकारों से पता चल रहा है कि दोनों वृतचित्रों में ऐसा कुछ भी नहीं है जो पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में नहीं था। जब भी 2002 के गुजरात के दंगों की बात होती है तो बीजेपी 1984 के दिल्ली दंगों की याद दिलाती है। इससे 2002 के दंगे न्यायपूर्ण नहीं हो जाते यह एक अलग बात है, पर, क्या बीजेपी स्वयं उन दंगों को कभी भुलाने के लिये तत्पर हुई है, इस पर हमेशा प्रश्नवाचक चिन्ह लगा रहा है। वस्तुतः जब भी मौका लगा, बीजेपी के बड़े नेताओं ने अप्रत्यक्ष रूप से ही सही उन दंगों की याद लोगों को दिलाई है, फिर चाहे वह समाज के एक वर्ग को धमकाने और बहुसंख्यक से वोट बटोरने के लिये ही क्यों न हो। वास्तव में 2002 की यादों को दोहराना बीजेपी को कभी भी राजनीतिक रूप से हानिकारक लगा ही नहीं। फिर बीजेपी को बीबीसी के उन दो वृतचित्रों से डर क्यों लगा? दोनों वृतचित्रों के खिलाफ बीजेपी सरकार की भारी-भरकम प्रतिक्रिया से, जेएनयू में की गयी बिजली कट से, जामिया में पुलिस भेजने के कार्य से और अजमेर में राजस्थान के केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 10 छात्रों को निलंबित करने की प्रतिक्रिया से स्पष्ट प्रतीत होता है कि उस वृतचित्र के प्रदर्शन से केंद्र सरकार ने न केवल तिलमिलाई हुई है बल्कि स्वयं को घिरा भी महसूस कर रही है। समझा जा सकता है कि जब प्रधानमंत्री सहित बीजेपी का हर छोटा-बड़ा नेता भारत के जी-20 के अध्यक्ष बन जाने के गुणगान करने में लगा हो, लोगों को भारत के विश्वगुरु बन जाने के रास्ते पर पड़ने वाले कदम के रूप में देखने के लिये प्रेरित कर रहे हों तब आवश्यकता ऐसी बातों की होती है जो इन सब की चापलूसी में कही जाये, उस समय बीबीसी के वृत्त चित्र, राहुल की यात्रा का पूर्ण होना, लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज लहराना कतई दिल खुश करने वाली या बीजेपी के मनोबल को बढ़ाने वाली बातें तो नहीं हैं। संपूर्ण यात्रा के दौरान और अब उसके समापन पर राहुल गांधी के व्यक्तित्व में आये परिवर्तन उन सबने महसूस तो किये ही हैं जो यात्रा पर थोड़ी भी नजर रख रहे थे। उनके अंदर की विनम्रता बाहर आई है, उन्हें अपने वक्तव्यों पर और अधिक नियंत्रण हासिल हुआ है और वे एक मोहब्बत से भरे ऐसे इंसान के रूप में खुद को पेश कर सके हैं जो हंसता है, गले मिलता है और जन से जुड़ने की इच्छा रखता है।

यह उस छवि के ठीक विपरीत है जो राहुल से ज्यादा समय देकर और मेहनत करके प्रधानमंत्री ने बनाई है। वे एक अधिनायकवादी व्यक्ति के रूप में दिखते हैं। जिनका सिर केवल अपने आदेश के पालन के लिये इशारा करते ही दिखता है। यहां मेरा उद्देश्य भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस को कितना लाभ होगा या बीजेपी को कितना नुकसान होगा, उस पर चर्चा करना नहीं है। मैं केवल यह बताना चाहता हूं कि राहुल गांधी के लिये चुनौती तो अभी शुरू हुई है। ये चुनौतियां दो हैं। प्रथम, आज मोदी जी की जो कसी हुई पकड़ देश की संस्थाओं तथा देश के एक वर्ग में है, उसमें किसी भी मोदी विरोधी संदेश अथवा लहर को गढ़ने का मतलब उन संस्थाओं और उनके समर्थकों की नाराजगी को आमंत्रित करना है। दूसरी चुनौती यह है कि बीबीसी के दोनों वृतचित्र केवल यह नहीं बताते कि वर्ष 2002 में क्या हुआ था। वे यह भी बताते हैं कि मोदी जी ने अपने राजनीतिक जीवन की गुजरात में कहां से शुरूआत की थी और उसे किस तरह उसका पुनर्निर्माण किया और उसे किस तरह पुनः ढाला है। कहने का तात्पर्य है कि 2024 के चुनावी समर में एक बदले हुए राहुल गांधी का मुकाबला उस विरोधी से होगा जिसे 2002 से अपने व्यक्तित्व को परिस्थिति अनुसार बदलते रहने में महारत हासिल है।

समय दुख देता है तो ठीक भी करता है

प्रियंका सौरभ

श्रेया उठो 7:40 बज चुके हैं, आपकी स्कूल बस 10 मिनट बाद आने वाली है, यह श्रेया की दिनचर्या थी, उसे हमेशा उसकी माँ द्वारा डांटा जाता था और ये डांट समय का पाबंद होना और सही समय पर काम करना सिखाती है। टालमटोल करने की आदत और हमेशा अनावश्यक चीजों पर समय बर्बाद करना श्रेया की आदत थी। एक दिन उसकी स्कूल बस छूट गई और उसकी माँ ने उसे साइकिल से स्कूल भेजने का फैसला किया जब वह आधे रास्ते में पहुँची तो उसने देखा कि भीड़ जमा है और एक घायल व्यक्ति को बहुत बुरी हालत में देखा, उसने तुरंत उसे पहचान लिया कि वह उसका पड़ोसी था जिसे देखने पर वह मदद के लिए चिल्लाने लगी। उसके रोने को देखकर भीड़ में से एक दयालु आदमी उसे और श्रेया को अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि अगर तुम लोग 10 मिनट लेट हो गए होते तो उसकी जान बचाना असंभव होता, उस दिन श्रेया को गोल्डन आवर रूल के बारे में पता चला और बाद में उसकी तारीफ की गई। और उसके समाज के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया अंत में उसे हमारे जीवन में प्रत्येक गुजरते मिनट के मूल्य का एहसास हुआ।

उपरोक्त कहानी से स्पष्ट है कि समय दुख देता है और यदि समय पर इलाज मिले तो ठीक भी हो जाता है, आइए हम 1915 के इतिहास के उन कड़ियों को देखें जब गांधीजी भारत लौट आए और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने लगे। आंदोल

फटाफट खबरें

जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने अंडर-19 महिला क्रिकेटर, अर्चना की मां को कलेक्ट्रेट परिसर में किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

उन्नाव । बॉगरमऊ क्षेत्र के गॉव रतईपुरवा की रहने वाली अर्चना देवी ने अपनी कड़ी मेहनत से भारतीय अंडर-19 महिला टी 20 वर्ल्डकप में इंग्लैण्ड के विरूद्ध शानदार गेंदबाजी के दम पर टीम इण्डिया को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

अर्चना की माँ सावित्री देवी पत्नी स्व. शिवराम, छोटी बहन एवं भाई रोहित ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने जिले का नाम रोशन करने वाली अर्चना देवी की मां को .253 हेक्टेयर कृषि भूमि, .013 हेक्टेयर आवास भूमि के आवंटन के साथ पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं अन्य भेंट देकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। डीएम ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका में आयोजित भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट विश्वकप में भारत ने इंग्लैण्ड को सात विकेट से मात दी थी। इस मैच में जिले की अर्चना देवी द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए तीन ओवर में 17 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिये थे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बॉगरमऊ उदित नारायण सेंगर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन से हनुमान मन्दिर हटाने की नोटिस चस्पा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में बने पुराने श्री हनुमान मन्दिर को हटाने को मंगलवार को रेलवे ने नोटिस चस्पा कर दिया। समिति को मन्दिर हटाने को 15 दिन का समय दिया है। इस कार्यवाही पर समाजसेवियों और साधु-संतों ने नाराजगी जताई है।

बुधवार को मन्दिर पर नोटिस चस्पा देखकर लोगों ने रोष जताया। नोटिस में रेलवे के सहायक मंडल इंजीनियर बांदा प्रदीप कुमार के हस्ताक्षर हैं। नोटिस में बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में बने 109 वर्गमीटर धार्मिक ढांचे को 15 दिन के अन्दर हटवाने की व्यवस्था करें। अन्यथा रेल प्रशासन इसे हटा देगा।

जिला मुख्यालय के समाजसेवी राजीव अग्रवाल और गुलाब गुप्ता ने मन्दिर हटाने की नोटिस पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वर्षों पुराने मन्दिर से लोगों की गहरी आस्था है। मन्दिर स्टेशन गेट के पास है। रेलवे के कार्य में भी बाधा नहीं होती है। भरत मन्दिर के महंत दिव्यजीवन दास ने मन्दिर में धर्मनगरी से आने वाले लाखों श्रद्धालु दर्शन करते हैं। मन्दिर हटाने की बजाय परिसर में कहीं और स्थापित किया जाये। स्टेशन प्रबंधक आरसी यादव ने बताया कि आरपीएफ व जीआरपी में भी अग्रिम कार्यवाही की जानकारी दी गई है। कार्यवाही अदालत के आदेश के तहत की गई है।

राजापुर कस्बे से हुई लाखों की चोरी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के राजापुर कस्बे के रैपुरा रोड स्थित स्टेट बैंक के पास एक घर का जंगला काटकर शातिर चोर तकरीबन 16 लाख रुपये से अधिक के जेवर व नकदी पार कर ले गये। पीडित ने राजापुर थाने में तहरीर देकर चोरों का सुराग लगाने की गुहार लगाई है।

चोरी की ये घटना मंगलवार की रात हुई। राजापुर कस्बे के प्रधानाचार्य जितेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि शनिवार को वह अपने गांव खटवारा में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार समेत गये थे। रविवार को चोरों ने घर के पीछे लगी खिडकी की सलाखें तोडकर अन्दर घुस गये। सोमवार को जब वह घर लौटे तो अन्दर के कमरों का ताला टूटा देखकर होश उड गये। घर के अन्दर की सारी सामग्री गायब मिली।

सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने मौके की जांच पडताल की। डाग स्क्वायड व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया। प्रधानाचार्य ने बताया कि चोर 11 लाख 60 हजार रुपये नकद, 943 ग्राम सोने-चांदी के जेवर आदि चुरा ले गये हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पलक झपकते ही बाइक चोर ने उड़ा दी बाइक, पुलिस जांच में जुटी

लखीमपुर-खीरी। सावधान हो जाएं? अगर आप बाइक रखते हैं और शहर के कचेहरी परिसर मे पार्क कर देते हैं तो चोर उसे गायब कर सकते हैं! थोड़ी सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। यहां तक कि न्यायालय परिसर के अन्दर से भी चोर बाइक उठाकर ले जाएं और आप हाथ मलते रह जाएं या फिर थाने की चक्कर लगाते रह जाएं। यह कोई कोरी कल्पना नहीं है, बल्कि हकीकत है शहर में बाइक चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है बाइक चोरों की बात करें तो औसतन प्रतिदिन एक बाइक की चोरी कर ली जा रही है।कुछ मामले थाने तक पहुंच रहे हैं तो कुछ नहीं।

जानकारी अनुसार बुधवार को भी कचेहरी परिसर में स्पलेण्डर प्लस पंजीकरण संख्या - वढ 31 इफ 2158 माडल 2021 (रंग काला) फूलबेहड़ क्षेत्र के श्रीनगर निवासी शैलेश तिवारी ने बाइक चोरी की शिकायत की है उन्होंने बताया कि वे रोज की तरह न्यायालय में वकालत करने आज भी पहुंचे थे। न्यायालय परिसर के अन्दर कैन्टीन निकट (महात्मा गांधी चैम्बर) के पास अपनी बाइक खड़ी की थी। कुछ समय बाद वापस आए तो बाइक नही दिखी इधर उधर पता किया तत्काल मेरे द्वारा पुलिस को चोरी की सूचना दी गई।

विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत,जन चौपाल लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। शुक्रवार को लोकप्रिय सदर विधायक अनिल प्रधान आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम भैसौधा ,भरैहा, भगत का पुरवा, छिवलहा का पुरवा, प्रेम नगर, बंसीपुर दाहिनी और पहाड़िया बुजुर्ग सहित आधा दर्जन से भी ज्यादा गावों में पहुंचकर ग्राम भ्रमण एवं जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। गांव के सभी बुजुर्ग नौजवान माताएं बहने अपने विधायक को अपने बीच पाकर अति प्रसन्न दिखे इस दौरान माननीय अनिल प्रधान ने कहा सदर क्षेत्र की जनता अपने भाई और बेटे को विधायक नहीं बल्कि अपना सेवक चुना है

सदर विधानसभा सहित पूरे जनपद का बिना भेदभाव के विकास कराना उनकी पहली प्राथमिकता है गरीब और महिलाओं के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो और सभी को उनके हक की योजनाएं बिना भेदभाव के मिले इसके लिए वह प्रतिबद्ध हैं जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो और हर मरीज का इलाज जिले में बने अस्पतालों में हो और सबको दवाइयां मिले इसके लिए वे सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज उठाते रहेंगे। संसाधन और विकास के मामले में पूरा बुंदेलखंड सहित जनपद चित्रकूट प्रदेश के अन्य जिलों से पिछड़ा है भाजपा की सरकार धर्म के नाम पर वोट लेती है लेकिन भगवान राम की कर्म स्थली चित्रकूट को विकास की मुख्यधारा में नहीं लाना चाहती। आगे श्री प्रधान ने कहा समाजवादी सरकार में यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव ने जनपद को 24 घंटे बिजली देना, गरीबों के लिए सूखा राहत पैकेज देना, सूखे के दौरान किसानों के लिए तीन तीन बार चेक देना , प्रदेश के जिलों में जनपद चित्रकूट में सबसे अधिक संख्या में सम्मानित महिलाओं को समाजवादी पेंशन देना इसके अतिरिक्त पूरे जिले के छोटी बड़ी नदियों में पुल बनाकर चित्रकूट के सम्मानित लोगों को सुविधाएं देना समाजवादी विकास की आज भी गवाही दे रहे हैं । कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार में अतिवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है समाजवादी कार्यकताओं और नेताओं पर झूठे मुकदमे लगाना लोकतंत्र की हत्या करना है ।भाजपा बाबा साहब के संविधान से देश नहीं चलाना चाहती बल्कि आर एस एस के एजेंडे से देश को चला रही है जो दलित पिछड़ा और महिलाओं के लिए अच्छा नहीं है। क्योंकि आर एस एस की विचारधारा दलित पिछड़ा और महिलाओं के प्रति नफरत है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष मों गुलाब खान वरिष्ठ नेता मान सिंह पटेल प्रवक्ता सुभाष पटेल राम प्रसाद वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

बजट पर प्रतिक्रिया देते सपा जिलाध्यक्ष, भाकियू नेता व बुन्देली सेना

-गरीबों, महिलाओं के सुधार को बजट में नहीं है व्यवस्था -बुन्देली सेना ने बजट को सराहा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट का सिर्फ आकार बढाया गया है। गरीबों और महिलाओं के जीवन स्तर में दीर्घकालीन सुधार की बजट में कोई व्यवस्था नहीं है।

बुधवार को केन्द्रीय वित्त मंत्री के पेश किये बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि वित्त मंत्री बार-बार उज्जवला योजना, पीएम सम्मान निधि, पीएम इंश्योरेंश और पीएम जनधन बैंक एकाउंट की तो बात की है, लेकिन किसान की आय कैसे बढे, उज्जवला योजना के तहत मिले सिलेंडर में महंगी गैस कैसे भरी जाये और किसानों की परेशानियां कैसे कम हों, कृषि यंत्रों के जीएसटी के कारण बढे दाम किस प्रकार कम हों, इस पर वित्त मंत्री ने कोई चर्चा नहीं की। बेरोजगारी और कमरतोड महंगाई देश के बडे मुद्दे हैं। इनसे आम आदमी कैसे निजात पाये, बजट में कोई व्यवस्था नहीं है।

भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत काल बजट किसानों के लिए काल बजट है।

प्रति व्यक्ति आय दोगुनी नहीं प्रति व्यक्ति महंगाई चार गुनी हुई है। किसानों को खेती के लिए विशेष फंड नहीं चाहिए। किसानों की उपज का गारन्टी रेट चाहिए। किसानों को डिजिटल ट्रेनिंग नहीं, पहले किसान आयोग चाहिए। टीवी, एलईडी, मोबाइल सस्ता करने से क्या होगा, सस्ता करना ही था तो खाद, डीजल, पेट्रोल, बिजली, मोबाइल रिचार्ज सस्ते होने चाहिए थे। किसानों को इस बजट में कुछ नही मिला, ये बजट किसानों के लिए निराशा जनक है।

बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने सरकार के बजट को आम व खास के लिए बेहतर बताया है। गरीबों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न मिलने की अवधि जनवरी 2024 तक बढा दी है। कृषि से जुडे स्टार्टअप को प्राथमिकता देने से युवा खेती से जुडेंगे। बागवानी, मत्स्य पालन, डेयरी को बढावा देने को ऋण का प्राविधान, पीएम विश्वकर्मा कौशल विकास सम्मान योजना, 157 नये नर्सिंग कालेज, 47 लाख युवाओं को तीन साल के लिए मानदेय, 50 नये एयरपोर्ट और हेलीपैड का विकास, राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय समेत योजनाओं की झडी लगा दी है। रेलवे को 2.4 लाख बजट में व्यवस्था की गई है। टीवी, मोबाइल से लेकर तमाम घरेलू चीजें सस्ती हुई हैं। टैक्स भरने वालों को छूट दी गई है। कुल मिलाकर बजट सराहनीय है। ये बजट हर आम और खास के लिए है।

एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स गठित

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स की बाबत अवैध ढंग से भूमि में कब्जा करने वालों पर टीम की कडी नजर रहेगी। ऐसे लोगों पर कडी कार्यवाही भी की जायेगी।

ज्ञात है कि सूबे के मुख्य सचिव के आदेश पर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स बाबत मंगलवार को तहसील सभागार में एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में टीम का गठन किया गया। एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव टीम के अध्यक्ष व पुलिस क्षेत्राधिकारी, लोनिवि के अधिशाषी अभियंता, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता, वन क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष व जिला पंचायत तथा तहसील स्तरीय अधिकारियों को सदस्य और तहसीलदार को संयोजक सदस्य बनाया गया। अन्य विभाग जिनके स्वामित्व की भूमि पर अतिक्रमण अवैध कब्जे का बिन्दु निहित है,

तहसील स्तरीय विशेष आमंत्रित सदस्य भी मौजूद रहे।

एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य सचिव के आदेश पर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स की बैठक हुई है। बैठक में सभी थाना प्रभारी, भूमि संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ने अपनी-अपनी जगहों पर भूमि विवाद के मामले रखे। ऐसे मामलों के निस्तारण को रणनीति बनाई गई है।

21 लाख बकाया होने पर मकान सीज

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की सख्ती का असर अधिकारियों पर नजर आ रहा है। मऊ तहसील क्षेत्र के बडे बकायेदारों के खिलाफ जारी अभियान में तहसीलदार राजेश कुमार यादव की अगुवाई में राजस्व कर्मियों ने क्षेत्र के बकायेदार का मकान सीज कर दिया है।

बुधवार को मऊ तहसील के एसडीएम नवदीप शुक्ला के निर्देश पर राजस्व कर्मियों ने दस बकायेदारों के खिलाफ वसूली अभियान के तहत कमलनारायण मिश्रा पुत्र संगमलाल मिश्रा निवासी बरियारीकला पर 21

लाख के बकाया होने पर उनका मऊ स्थित मकान सीज कर दिया है। तहसीलदार राजेश कुमार यादव की अगुवाई में चले अभियान में दो अन्य बकायेदार जगपत पुत्र मंगू निवासी धवाडा व दीपक पुत्र श्यामलाल निवासी सिकरो के धनराशि न जमा करने पर तहसील में कैद किया गया। एसडीएम शुक्ला ने बताया कि ये कार्यवाही तहसील क्षेत्र के बकायेदारों के खिलाफ की जा रही है। बकायेदार तुरन्त धनराशि अमीनों के पास जमा कर दें। बकायेदार की रिकवरी वसूली तत्काल प्रभाव से सम्पर्क कर अमीन जमा करा दें। ऐसा न करने पर बकायेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

न्यूज झरोखा

बुद्धि-शुद्धि को भाजपाइयों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय स्थित ब्लाक गेट के पास भाजपाइयों ने श्रीरामचरितमानस के अपमान करने के विरोध पर बुद्धि-शुद्धि को हनुमान चालीसा पाठ किया। ढोलक-मंजीरे के साथ संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ भाजपाइयों ने किया।

बुधवार को भाजपाइयों ने कहा कि सपा विचारधारा के संस्थापक डॉ राममनोहर लोहिया का समाजवाद राम के चरित्र पर आधारित था। उन्होंने चित्रकूट में रामायण मेला की शुरूवात की थी। भगवान श्रीराम को आदर्श मानकर समाजवादी समाज की परिकल्पना की थी। आज उनके ही अनुयायी जो खुद को समाजवादी कहते हैं, वे लोग भगवान राम और रामचरितमानस के रचयिता को गाली दे रहे हैं। यहां तक कि रामचरितमानस की प्रतियां जला रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि डॉ लोहिया के समाजवाद को इन्होंने जलाकर अब नया समाजवाद ला रहे हैं।

इस मौके पर भाजपा नेता आनन्द पटेल, आलोक पाण्डेय, लवकुश चतुर्वेदी, महेन्द्र कोटार्य, रामसागर चतुर्वेदी, शिवशंकर सिंह, अर्जुन शुक्ला, सुशील द्विवेदी, श्याम गुप्ता, हीरो मिश्रा, जवाहर सोनी, रवि गुप्ता, अंजू वर्मा, जगदीश गुप्ता, सुरेश अनुरागी, राजेश कुमार पाण्डेय समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

रैली निकाल डोर-टू-डोर कूडा एकत्रीकरण का चलाया अभियान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। शासन के आदेशों के क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर एक से दस फरवरी तक डोर-टू-डोर स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ आकर्षक झांकी स्वच्छता गीत के साथ ईओ लालजी यादव ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को नगर पालिका परिषद कर्वी के अधिशाषी अधिकारी लालजी यादव के आदेश पर कर्मचारियों ने एक से दस फरवरी तक डोर-टू-डोर सफाई अभियान की शुरूवात पालिका कार्यालय से की। अभियान की रैली बसअड्डा, पटेल तिराहा, एलआईसी तिराहा होते हुए धुस मैदान में समाप्त हुई। अभियान का मुख्य उद्देश्य रहा कि सवेरे दस बजे तक अपने घर व दुकान का कूडा नगर पालिका की गाडियों में गीला व सूखा अलग-अलग करके दें। गीला कूडा से घर में ही खाद बनाई जाये। खुले में कूडा न डालें। प्रत्येक घर में एकत्रित होने वाले कूडे से अलग-अलग दिया जाये।

इस मौके पर ईओ लालजी यादव, जिला समन्वयक शिवा कुमार, ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी, कर निरीक्षक राहुल पाण्डेय, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, राजेन्द्र राम, बसंतलाल व नगर पालिका के सफाई नायब आदि मौजूद रहे।

बिजली विभाग की कार्यवाही से नाराज महिला पानी की टँकी पर चढ़ी

हाथरस। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आगरा रोड़ स्थित पानी की टंकी पर चढ़ी महिला का हाईबोल्टेज ड्रामा आया सामने। आपको बतादें की सदर कोतवाली क्षेत्र के घास मंडी स्थित पानी की टँकी पर चढ़कर महिला ने बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर लगाये आरोप, बिजली विभाग से समस्याओं का समाधान न होने पर महिला पानी की टंकी पर चढ़ी।

नेपाल विमान दुर्घटना: छह यात्रियों की पहचान के लिए डीएनए जांच शुरू

काठमांडू। नेपाल में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले उन छह यात्रियों की डीएनए जांच शुरू की जिनके अवशेषों की अबतक पहचान नहीं हो पाई थी। यति एयरलाइन की उड़ान संख्या 691 त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 जनवरी को उड़ान भरने के बाद पोखरा में उतरने से कुछ मिनट पहले ही नए और पुराने हवाई अड्डे के बीच बहने वाली सेती नदी में दुघर्टनाग्रस्त हो गया था और एटीआर-72 मॉडल के विमान में सवार सभी 72 लोगों की मौत हो गई थी। मारे गए यात्रियों में 55 नेपाली और पांच भारतीय सहित 15 विदेशी नागरिक व चालक दल के चार सदस्य थे।

त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल के फॉरेंसिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. गोपाल कुमार चौधरी ने बताया, पोखरा विमान दुर्घटना में मारे लोगों में से छह की पहचान करने के लिए डीएनए जांच की जरूरत थी क्योंकि उनके शव बुरी तरह जल गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच की प्रक्रिया केंद्रीय पुलिस फारेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में शुरू हुई है। सूत्रों ने बताया कि परिवार के नमूने और शवों की हड्डियों और दांतों से डीएनए नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि जांच की प्रक्रिया पूरी होने में दो सप्ताह का समय लगेगा।

चीन ने दक्षिण कोरिया के नागरिकों के लिए कोरोना टेस्ट अनिवार्य किया

बीजिंग। चीन ने कोरोना नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए दक्षिण कोरिया से आने वाले लोगों के लिए कोविड-19 टेस्ट को फिर अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में दोनों देशों के बीच परिचालन करने वाली एयरलाइनों को नोटिस भेजकर आगाह किया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया से आने वाली सीधी उड़ानों में सवार सभी यात्रियों का पोलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) परीक्षण किया जाएगा। चीन ने साफ किया है कि पड़ोसी देश में कोविड के नए मरीजों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। साथ ही पिछले महीने सियोल ने चीन से आने वाले यात्रियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस वजह से यह कदम उठाया है। पीसीआर टेस्ट के बाद पॉजिटिव पाए गए लोगों को क्वारंटाइन या अस्पताल में भर्ती होना पड़ेगा। बीजिंग में सियोल के दूतावास ने कहा कि चीन सरकार ने केवल दक्षिण कोरिया के यात्रियों के लिए नए नियम के बारे में सूचित किया है। सियोल विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने चीन के भेदभावपूर्ण प्रवेश प्रतिबंधों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि चीन को सीमा में लोगों के प्रवेश को प्रतिबंधित नहीं करना चाहिए।

पाकिस्तान में पुलिस स्टेशन पर आतंकवादियों का धावा

इस्लामाबाद। पेशावर में आतंकी हमले से गम में डूबे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने रात मियांवाली जिले के मकेरवाल पुलिस स्टेशन पर घुसे हथियारबंद आतंकियों को खदेड़ दिया। इस थाने पर आतंकी हमले की पुलिस महानिदेशक ने पुष्टि की है। पुलिस महानिदेशक पंजाब डॉ. उस्मान अनवर ने बताया कि हथियारों से लैस 20 से 25 आतंकवादियों के एक समूह ने इस थाने पर हमला बोला। हालांकि दोनों तरफ से भारी गोलाबारी होने के बाद आतंकवादी भाग गए। डॉ. उस्मान अनवर ने आतंकी हमले को विफल करने के लिए एसएचओ को बधाई दी है। हमले के समय डीपीओ मियांवाली भी अतिरिक्त फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद जिला मुख्यालय अस्पताल में आपात स्थिति घोषित की गई। उल्लेखनीय है कि यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब एक आत्मघाती हमलावर ने पेशावर में पुलिस लाइंस के बगल में एक भीड़भाड़ वाली मस्जिद में खुद को विस्फोट कर उड़ा लिया था। इस विस्फोट में 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

जर्मन महिला ने अपनी हमशक्ल की हत्या की:अपनी मौत का नाटक रचना चाहती थी, इंस्टाग्राम पर अपने जैसी लड़की को ढूंढकर मार डाला

मेन्ज। जर्मनी में 23 साल की एक महिला पर आरोप है कि उसने अपनी मौत का नाटक करने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी हमशक्ल ढूंढी और उसकी हत्या कर दी। इस केस में जर्मनी पुलिस ने 'द डोपलगैंगर मर्डर' नाम दिया है। यह मामला पिछले साल 16 अगस्त का है, जो अब सामने आया है। पुलिस ने बताया कि म्युनिख में रहने वाले शाहराबान के. नाम की महिला ने इंस्टाग्राम पर फेक प्रोफाइल बनाया और अपने जैसी दिखने वाली कई महिलाओं से संपर्क करेन की कोशिश की। कई प्रोफाइल्स तलाशने के बाद उसे एक कॉस्मेटिक ब्लॉगर का प्रोफाइल मिला। खदीदजा नाम की यह ब्लॉगर अलजीरियाई नागरिक थी और आरोपी महिला के घर से करीब 160 किमी दूर रहती थी। दोनों के लंबे काले बाल थे और रंग भी लगभग एक-जैसा था। शाहराबान और उसके बॉयफ्रेंड शकीर के. ने खदीदजा से संपर्क किया और उसे कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट ऑफर किए।

ऑस्ट्रेलिया में खोया रेडियोएक्टिव कैप्सूल 20 दिन बाद मिला :सड़क किनारे पड़ा था, इसके रेडिएशन से स्किन-हड्डियों को खतरा

पेशावर । ऑस्ट्रेलिया में 20 दिन पहले खोया एक छोटा सा रेडियोएक्टिव कैप्सूल मिल गया है। इसके ज्यादा करीब जाने से स्किन जलने और कई गंभीर बीमारियों का खतरा था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इसमें मौजूद सेसियम केमिकल इंसान की हड्डियों में जाकर गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये कैप्सूल 12 जनवरी को तब खोया था जब इसे दूसरे कैप्सूल के साथ एक ट्रक में लाद कर एक माइनिंग साइट से लाया जा रहा था। दो हफ्ते तक इसके लापता होने की सूचना ही नहीं मिली थी। फिर 25 जनवरी को खबर मिलते ही चेतावनी जारी कर दी गई थी और तलाश शुरू कर दी गई थी।

1400 किलोमीटर के इलाके में तलाशी के बाद मिला

ऑस्ट्रेलिया की रेडिएशन प्रोटेक्शन और न्यूक्लियर सेफ्टी एजेंसी ने बताया कि एक हफ्ते में पर्थ और पिलबारा के बीच 1400 किलोमीटर के इलाके में



कैप्सूल की खोज की गई। इस इलाके से होते हुए ट्रक गुजरा था। ये इलाका ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी हिस्से मे पड़ता है। कैप्सूल को ढूंढने के लिए कई न्यूक्लियर एक्सपर्ट्स को भी भेजा गया था।

जिस ट्रक से कैप्सूल गिरा वो रिओ टिंटो नाम की एक माइनिगं कंपनी का था। कंपनी ने इस मामले को लेकर माफी मांगी है। वहीं वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के चीफ हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि इस तरह से किसी रेडियोएक्टिव कैप्सूल का खोना कोई आम घटना नहीं है।

न मिलने पर सदियों तक खतरा बनता कैप्सूल

ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने कहा था कि ये रेडियोएक्टिव कैप्सूल हर घंटे 10 एक्स-रे जितना रेडिएशन छोड़ रहा था। लोगों से इससे 5 मीटर की दूरी बनाए रखने की अपील की गई थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कैप्सूल से निकल रहा रेडिएशन उसके पास जाकर खड़े होने से ही ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। अगर कोई पास से गुजर रहा तो ज्यादा खतरा नहीं है। उनके मुताबिक, अगर कैप्सूल नहीं मिलता तो वो सदियों तक लोगों के लिए खतरा बना रहेगा।

पाक मंत्री का कबूलनामा- हमने आतंक का बीज बोया:मस्जिद हमले पर आसिफ बोले- अब देश को सुधरने की जरूरत

पेशावर। पेशावर मस्जिद में हुए ब्लास्ट पर पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि इस तरह श्रद्धालुओं पर हमला तो भारत में भी नहीं होता है। 30 जनवरी को पेशावर की पुलिस लाइन्स की मस्जिद में धमाका हुआ था। इसमें 100 लोगों की मौत हो गई थी। 221 लोग घायल हैं।

पाकिस्तान नेशनल असेंबली में डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कहा- भारत या इजराइल में नमाज के दौरान नमाजियों पर हमला नहीं हुआ, लेकिन पाकिस्तान में नमाजियों के बीच बैठे एक हमलावर ने खुद को उड़ा दिया। 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्री आसिफ ने

कहा- हमने आतंकवाद का बीज बोया है। इसके खिलाफ अब मिलकर लड़ना होगा। अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान सुधर जाए। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। पेशावर खैबर पख्तूनख्वा राज्य की राजधानी है। इस इलाके में TTP का खासा दबदबा है और पिछले दिनों इसी संगठन ने हमले की धमकी भी दी थी।

भारत ने हमले की निंदा की थी

31 जनवरी को भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बागची ने मंगलवार को ट्विटर पर एक पोस्ट में कहा- भारत पेशावर में हुए फिदायीन हमले की कड़ी निंदा करता है।

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना का फिर चुनाव लड़ने का ऐलान

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने एक बार फिर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वह श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) के समर्थन से अगले साल राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे। श्रीलंका में अगले साल सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। श्रीलंका फ्रीडम पार्टी के मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने वर्ष 2024 में चुनाव लड़ने का एलान किया है। वर्ष 2015 से 2019 तक श्रीलंका के राष्ट्रपति रहे सिरिसेना ने कहा कि उन्हें अपने खिलाफ किसी साजिश का डर नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज से वह पीछे नहीं हटेंगे। किसी भी साजिश से न डरने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि

वे कानून और अदालत का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि वे अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिए एसएलएफपी के समर्थन से चुनाव लड़ेंगे, चाहे कितनी भी परेशानी क्यों न खड़ी की जाए।

अमेरिका-भारत ने सुरक्षित प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र पर की चर्चा

वाशिंगटन। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने यहां अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ मिलकर 'इनीशिएटिव फॉर क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी' (आईसीईटी) की पहली उच्चस्तरीय बैठक की। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी।

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को यहां डोभाल और सुलिवन के बीच की पहली बैठक के समापन के बाद तथ्यात्मक जानकारी (फैक्ट शीट) साझा की। इसमें कहा गया है-'हम आपसी विश्वास और भरोसे पर आधारित एक मुक्त, सुलभ और सुरक्षित प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करेगा।' मई 2022 में टोक्यो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बैठक के बाद पहली बार संयुक्त बयान में आईसीईटी का उल्लेख किया गया था। इसका मकसद दोनों देशों की सरकारों, व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों

के बीच सामरिक प्रौद्योगिकी साझेदारी तथा रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाना और विस्तारित करना है। व्हाइट हाउस ने कहा- 'अमेरिका और भारत इस बात की पुष्टि करते हैं कि प्रौद्योगिकी को डिजाइन, विकसित, शासित और उपयोग करने के तरीकों में हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सार्वभौमिक मानवाधिकारों का ध्यान रखा जाएगा। हम आपसी विश्वास और भरोसे पर आधारित एक मुक्त, सुलभ और सुरक्षित प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों तथा लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करेगा।' डोभाल और सुलिवन अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ इस उच्चस्तरीय बैठक में शामिल हुए। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में नेशनल एरोनॉटिक्स ऐंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के प्रशासक, नेशनल साइंस फाउंडेशन के निदेशक, नेशनल स्पेस काउंसिल के कार्यकारी सचिव और विदेश मंत्रालय,

> व्हाइट हाउस ने कहा, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन ने सुरक्षित प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने पर जताई सहमति

वाणिज्य मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका में भारत के राजदूत, भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष, दूरसंचार विभाग के सचिव, रक्षामंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार, रक्षा अनुसंधान एवं

दुनिया में कोरोना का खतरा:चीन के लोगों में आई हर्ड इम्यूनिटी, अमेरिका 11 मई को कोविड इमरजेंसी खत्म करेगा

बीजिंग। चीन में कोरोना की खतरनाक लहर आने के बाद हालात धीरे-धीरे सुधर रहे हैं। चीन के एक स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि देश के लोगों में टेंपररी हर्ड इम्यूनिटी आ गई है। इसका मतलब कि यहां की आधे से ज्यादा आबादी कोरोना से संक्रमित हो चुकी है और वायरस के साथ जीना सीख रही है। इसके पहले चीन की हेल्थ एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा था कि जीरो-कोविड पॉलिसी खत्म होने के बाद देश की 80फीसदी आबादी वायरस की चपेट में आ चुकी है। यहां दिसंबर में ही कोरोना का पीक आ गया था और जनवरी में कोरोना के मामलों का डाउनवर्ड ट्रेंड देखा गया है।

अमेरिका: 11 मई को कोरोना इमरजेंसी खत्म होगी

व्हाइट हाउस का कहना है कि अमेरिका में 11 मई को कोरोना इमरजेंसी खत्म करने का ऐलान कर दिया जाएगा। यहां बीमारी से जुड़ी दो इमरजेंसी लगाई गई थीं। पहली- नेशनल इमरजेंसी और दूसरी- पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी। वहीं अमेरिकी हेल्थ एजेंसी के अनुसार देश में अब भी हर दिन 500 लोगों की कोरोना से मौत हो रही है।

इटली: चीनी यात्रियों के लिए प्रतिबंध कम होंगे

इटली की सरकार जल्द ही चीन से आने वाले यात्रियों के लिए कोरोना प्रोटोकॉल की सख्ती को कम करेगी। 28 दिसंबर 2022 को लगाए गए प्रतिबंधों में यात्रियों के लिए कोरोना टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया था। साथ ही उन्हें फ्लाइट से 48 घंटे पहले की नेगेटिव टेस्ट रिपोर्ट दिखाना भी जरूरी था। नए ऑर्डर में एयरपोर्ट पर कोरोना टेस्टिंग जरूरी के बजाय रैंडम कर दी जाएगी।

साउथ कोरिया: पीएम बोले- प्रतिबंध जल्द खत्म हो सकते हैं

साउथ कोरिया के प्रधानमंत्री ने बताया कि चीनी यात्रियों पर लगे वीजा रिस्ट्रिक्शंस को जल्द ही हटाया जा सकता है। वहीं नए नियमों के मुताबिक, अब देश में इंडोर प्लेसेस में मास्क पहनने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। ऐसा कोरोना के डेली केसेस में कमी आने की वजह से हुआ है।

न्यूजीलैंड में चल रहे हिंदी स्कूल : गीता भी पढ़ रहे बच्चे; संस्कृति अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की पहल कर रहे भारतीय

न्यूजीलैंड। न्यूजीलैंड में हिंदी की बयार बह रही है। वहां के ऑकलैंड और हेमिल्टन में तीन हिंदी स्कूल खुल चुके हैं। इनमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी हिंदी के साथ ही रामायण, गीता और भागवत पढ़ रहे हैं।

भारतीय मूल के लोगों ने हिंदी स्कूल की 2001 में ऑकलैंड के हेंडरसन में वायटेकरे की वेस्ट विंग में नींव डाली थी। दरसअल,

छात्र हो गए

फिजी से आए कुछ भारतीयों

ने जिम्मा उठाया कि हिंदी में लिखी रामायण का प्रसार अगली पीढ़ी तक हो। 2001 में स्कूल खुला, तो 40 छात्र थे। 2022 तक 260 छात्र हो गए। नई पीढ़ी रामायण पढ़े और संगीतमय गान भी करे, इसीलिए 2003 से भारतीय संगीत पाठ्यक्रम का हिस्सा बना।

भारत से आए बसंत मधुर ने तबला, हारमोनियम सिखाना शुरू किया और उनका साथ दिया फिजी के मास्टर अशोक ने। इस पाठ्यक्रम में 5 साल के बच्चे से लेकर 63 साल के बुजुर्ग तक हिंदी और संगीत सीखने लगे। शर्मा ने कहा- हमारा नारा है- हमारी भाषा, हमारी पहचान।

सरकार भी मदद कर रही

ऑकलैंड के साउथ पापाटोयटोय में दूसरी ब्रांच खोली। शर्मा के मुताबिक अब हिंदी और भारतीय संगीत की स्पर्धाएं होती हैं।

प्रतिभा निखारने ,उसका प्रदर्शन करने के लिए बच्चों को मंच प्रदान करते हैं। हेमिल्टन में तीसरी ब्रांच खुल गई है। लैपटॉप, अध्यापकों की फीस, हिंदी की किताबें, स्कूल के लिए ट्रस्ट और न्यूजीलैंड सरकार से वायटेकरे स्कूल को हिंदी संस्कृति को बढ़ाने के लिए अनुदान भी मिलता है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

पेशावर आत्मघाती हमला सुर्खियों में छाया, पीएम की सेनाध्यक्ष के साथ बैठक

इस्लामाबाद। पाकिस्तान से मंगलवार को प्रकाशित अधिकांश समाचारपत्रों ने पेशावर पुलिस लाइन की मस्जिद में आत्मघाती धमाके में 100 लोगों के मारे जाने और 221 के जख्मी होने की खबरें हैं। आतंकवादी जोहर की नमाज में पहली लाइन में खड़ा था। आत्मघाती हमले में पुलिसकर्मी भी मारे गए हैं और घायल हुए हैं। प्रतिबंधित टीटीपी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले की वजह से आसपास की इमारतें हिल गईं और लोगों में भगदड़ भी मच गई। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, पूर्व राष्ट्रपति जरदारी और पीडीएम अध्यक्ष मौलाना फजलुर्रहमान ने हमले की निंदा की है।

अखबारों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का एक बयान छापा है जिसमें उन्होंने कहा है कि आतंकवादियों को हस्ती से मिटा देंगे। पेशावर में सेनाध्यक्ष के साथ उन्होंने बैठक की है और

अस्पतालों में जाकर घायलों की हालचाल पूछा है। अखबारों ने अमेरिकी दूतावास का एक बयान प्रकाशित किया है जिसमें कहा गया है कि आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान के साथ खड़े हैं। दूतावास ने पेशावर पुलिस लाइन में मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले की कड़ी निंदा की है। अखबारों में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक बयान छापा है जिसमें उन्होंने कहा है कि अफगानिस्तान से संपर्क करेंगे। सबूत हैं हमारे पास। अफगानिस्तान की भूमि का पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल हो रहा है।

अखबारों ने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के जरिए इमरान खान को 10 अरब रुपये का कानूनी नोटिस भेजे जाने की खबरें भी दी हैं। जरदारी ने यह नोटि इमरान द्वारा उनपर अपनी हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाए जाने पर भेजा है। अखबारों ने पूर्व प्रधानमंत्री खान का एक बयान छापा है जिसमें उन्होंने कहा है कि 90 दिन में इलेक्शन कराना संवैधानिक हक है। मुश्किल वक्त में खड़े रहने वाले मेरे सच्चे साथी हैं। अखबारों ने आईएमएफ टीम के पाकिस्तान पहुंचने की खबरें भी दी हैं। आज से बैठकों का दौर शुरू किया जाएगा। अखबारों ने ओपन मार्केट में डॉलर 175 रुपये का होने की खबरें देते हुए बताया है कि सोना 1500 रुपये तोला महंगा हो गया है।

अखबारों ने खराब मौसम की वजह से संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति का इस्लामाबाद दौरा रद्द किए जाने की खबरें दी हैं। अखबारों ने अमेरिका को दिवालिया होने से बचाने के लिए सत्ताधारी और विपक्षी पार्टी के एक साथ मिलकर बैठने की खबरें दी हैं। अखबारों ने ईरान को अमेरिकी की धमकी भी प्रकाशित की है जिसमें कहा गया है कि ईरान को परमाणु हथियारों को बनाने से रोकने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। ईरान ने परमाणु समझौते में दोबारा शामिल होने की मांग को रद्द कर दिया है।

अखबारों ने कारगिल में 2 मुस्लिम लड़कियों के बर्फ के तोदे के नीचे दबकर मरने की खबरें भी दी है। मरने वाली लड़कियों में 11 वर्षीय कुलसूम और 23 वर्षीय बिलकिस शामिल है। अखबारों ने कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी का एक बयान छपा है जिसमें उन्होंने कहा है कि लद्दाख के 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र को चीन ने कब्जे में ले लिया है। बहुत सारे पेट्रोलिंग पॉइंट जो भारतीय क्षेत्र में थे अब चीनियों के कब्जे में हैं। यह सभी खबरें रोजनामा पाकिस्तान, रोजनामा नवाएवक्त, रोजनामा खबरें, रोजनामा दुनिया, रोजनामा एक्सप्रेस, रोजनामा जंग और रोजनामा औसाफ आदि के पहले पन्ने पर छपी हैं।

बजट के दिन रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा सोना, चांदी में भी आई तेजी

नई दिल्ली। बुधवार को बजट के दिन भारतीय सराफा बाजार में भी तेजी का रुख बना रहा। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने मजबूती दिखाई, जिसकी वजह से सोने का भाव आज नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोना आज 561 रुपये प्रति 10 ग्राम की छलांग लगाकर 57,426 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह चांदी ने भी आज प्रति किलोग्राम 1,123 रुपये की छलांग लगाई। गौरतलब है कि सोना अपने करीब दो साल पुराने 56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड को पार करने के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। मंगलवार को सोना 57 हजार से रुपये के स्तर से थोड़ा नीचे गिरकर 56,865 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। बुधवार की तेजी के बाद ये चमकीली धातु एक बार फिर 57 हजार के स्तर को पार कर 57,426 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। सोने की अलग अलग श्रेणियों में आज 561 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 328 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है।